Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 245 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, शुक्रवार 22 मार्च 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



श्रद्धा के बिना पूजा पाठ व्यर्थ है।

Without admiration, worship is of no use.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव आयोग का केंद्र सरकार को निर्देश

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चुनाव आयोग ने भारत सरकार को वॉट्सऐप पर विकसित भारत से जुड़े मैसेज भेजना तुरंत बंद करने के आदेश दिए हैं। निर्वाचन आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को निर्देश दिए हैं कि इससे जुड़ी अनुपालन रिपोर्ट तुरंत आयोग को भेजी जाए। इलेक्शन कमीशन को इस बारे कई सारी शिकायते मिली थीं। इसे लेकर आज आयोग ने एक्शन लिया है। बता दें कि 'विकसित भारत संकल्प' नाम के वेरीफाइड वॉट्सऐप अकाउंट से बड़ी संख्या में लोगों को पीएम मोदी का पत्र भेजा गया है।

### कवासी लखमा बेटे के लिए मांग रहे टिकट

**रायपुर (आरएनएस)।** पूर्व आबकारी मंत्री तथा कांग्रेस के दिग्गज आदिवासी नेता कवासी लखमा ने इस बार बस्तर लोकसभा से अपने बेटे के लिए टिकट की मांग की है। इसकी पुष्टि खुद कवासी लखमा ने की हैं। लखमा ने बताया हैं कि बस्तर के लिए मैं और मेरे बेटे ने टिकट मांगी है। लखमा ने कहा हैं कि अगर बस्तर से दीपक बैज को टिकट नहीं मिला तो उनके बेटे को मिलेगी। लखमा ने आगे कहा कि दीपक बैज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चीफ हैं ऐसे में उन्हें सभी 11 सीटें देखनी हैं। बकौल लखमा दीपक बैज को टिकट मिली तो वो भी मेरे बेटे जैसा है।

**वरिष्ठ नेता सोनिया और राहुल गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस**

# मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस के चंदे पर साधी चुप्पी, भाजपा के चुनावी बॉन्ड पर किया हमला

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे ने इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर हमला किया।



मल्लिकार्जुन खड़गे ने मीडिया से कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। देश का हर नागरिक इसमें भाग लेने के लिए उत्सुक है। भारत पूरी दुनिया में अपने लोकतांत्रिक मूल्यों और आदर्शों के लिए जाना जाता है। किसी भी लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव अनिवार्य होता है। साथ ही यह भी आवश्यक है कि सभी राजनीतिक दल के लिए लेवल प्लेयिंग फील्ड हो। ये नहीं कि जो सत्ता में है, संसाधनों पर उनकी मोनोपॉली हो और देश की संस्थाओं पर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उनका नियंत्रण हो। ये नहीं कि उनका मीडिया पर एकाधिकार हो। और ना ही सत्ताधारी दल का संवैधानिक तथा न्यायिक संस्था जैसे आईटी, ईडी, चुनाव आयोग पर प्रत्यक्ष एवं परोक्ष नियंत्रण हो। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद चुनावी बॉन्ड के बारे में जो तथ्य निकलकर सामने आए, वो बहुत ही चिंताजनक और शर्मनाक हैं। इससे हमारे देश की छवि को ठेस पहुंची है। हमारे देश ने पिछले 70 सालों में निष्पक्ष चुनाव और स्वास्थ्य लोकतंत्र की छवि बनाई थी। उस पर आज प्रश्नचिन्ह उठ गया है।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड को गैरकानूनी और असंवैधानिक कहा है, उसी की मदद से मौजूदा सत्ताधारी दल ने हजारों करोड़ रुपए से ज्यादा अपने अकाउंट में भर लिया और दूसरी तरफ मुख्य विपक्षी दल का बैंक अकाउंट फ्रीज कर दिया गया है ताकि हम पैसे के अभाव से बराबरी से चुनाव न लड़ पाएं, ये सत्ताधारी दल द्वारा एक खतरनाक खेल है। इसके दूरगामी प्रभाव होंगे। इस देश में लोकतंत्र को बचाना है तो बराबरी का मैदान होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि देश की जनता, एक आम नागरिक ये देख सकता है कि भाजपा ने चुनावी चंदा बॉन्ड से 56 फीसदी पैसे हथियाए हैं, वहीं कांग्रेस को मात्र 11 प्रतिशत ही मिले हैं। ये वो पैसे हैं जो बॉन्ड से भाजपा ने लिए हैं। इसके अलावा जो कैश में इनके पास आता होगा, उसका तो कोई अकाउंट ही नहीं है। आप इनके खर्चे देखें। हर तरफ़ इनका विज्ञापन लगा है। रोज़ अख़बार, टीवी, रेडियो, इंटरनेट, करोड़ों रुपये की बड़ी-बड़ी रैलियां, रोड शो हो रहे हैं। देश के हर जिले में 5 स्टार भाजपा दफ्तर बने हैं। कहां से पैसे आये? क्या ये बिना पैसे के हो रहे हैं?

खड़गे ने कहा कि भाजपा ने किस तरीके से कंपनियों से ये पैसे लिए हैं। सुप्रीम कोर्ट तथ्यों की जांच कर रहा है। हमें उम्मीद है कि सच्चाई बहुत जल्द हम सब के सामने आयेगी और देश के संवैधानिक संस्थाओं से अपील करता हूं कि अगर वो फ्री और फेयर इलेक्शन चाहते हैं तो हमारी पार्टी को बगैर किसी रोक-टोक के बैंक अकाउंट का इस्तेमाल करने दें। जो इनकम टैक्स का क्लेम है वो अंततः कोर्ट के निर्णय के अनुसार निपटारा हो जाएगा। राजनीतिक दल टैक्स नहीं देते, भाजपा ने कभी नहीं दिया, इसके बाद भी अगर हमसे यह मांगा जा रहा है, तो हम न्यायालय के अंतिम निर्णय का इंतज़ार करेंगे।

### अलोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस के फंड पर किया गया हमला: सोनिया गांधी

प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने कहा कि यह लोकतंत्र पर हमला है। अगर कांग्रेस किसी भी तरह से चुनाव प्रचार में खर्च नहीं कर सके तो चुनाव किस बात का। पिछले एक महीने से हम अपने 285 करोड़ का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं।

### हमारे सभी बैंक खाते सीज कर दिए गए: राहुल गांधी

राहुल गांधी ने कहा कि हमारे सभी बैंक खाते सीज कर दिए गए हैं। देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के खाते चुनाव के समय सीज किए गए हैं। उन्होंने इसे एक आपराधिक गतिविधि बताया। राहुल गांधी ने कहा कि हम चुनाव प्रचार पर पैसे खर्च नहीं कर पा रहे हैं। हमारे नेता यात्रा नहीं कर पा रहे हैं। हवाई जहाज तो छोड़िए हमारे पास रेल यात्रा के लिए भी पैसे नहीं है। देश की 20 प्रतिशत जनता ने हमें वोट दिया है लेकिन हम किसी भी चीज पर 2 रुपए तक खर्च नहीं कर पा रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि 1 महीने पहले कांग्रेस पार्टी के सारे बैंक अकाउंट फ्रीज कर दिए गए। हैरानी की बात यह है कि किसी भी अदालत या चुनाव आयोग ने इस पर कुछ भी नहीं कहा। आज स्थिति यह है कि हम अपने नेताओं को एक शहर से दूसरे शहर नहीं भेज सकते।

# अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले में गिरफ्तार, सुप्रीम कोर्ट दौड़ी आम आदमी पार्टी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब घोटाला मामले से जुड़े धन शोधन मामले में गुरुवार रात दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक को एजेंसी की किसी दंडात्मक कार्रवाई से राहत देने से इनकार करने के कुछ ही घंटों बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। पद पर रहने के दौरान किसी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी का यह पहला मामला है। लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार अभियान के बीच, अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर आप ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। अधिकारियों ने बताया कि ईडी शुक्रवार को यहां एक अदालत में मुख्यमंत्री को पेश करेगी और पूछताछ के लिए उन्हें हिरासत में देने का अनुरोध करेगी।



ईडी के अधिकारियों द्वारा केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने के दौरान दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त बलों के अलावा आरएएफ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कर्मियों को मुख्यमंत्री आवास के आसपास तैनात किया गया था।

आम आदमी पार्टी के काफी संख्या में समर्थक और नेता मुख्यमंत्री आवास के निकट एकत्र हुए और ईडी की कार्रवाई के खिलाफ नारेबाजी की। दिन में, केजरीवाल ने मामले में कोई राहत देने से उच्च न्यायालय के इनकार करने संबंधी आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया।

## चुनाव प्रचार : पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने भोपाल से गंज बासौदा तक पैसेंजर ट्रेन में यात्रा की

**भोपाल (एएनआई)।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा लोकसभा के गंज बासौदा विधानसभा में प्रचार के लिए भोपाल से पैसेंजर ट्रेन में यात्रा की। गुरुवार को निर्वाचन क्षेत्र. चौहान के कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट किया, शिवराज सिंह चौहान ट्रेन से भोपाल से गंज बासौदा के लिए रवाना हुए। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री सलामतपुर, सांची, विदिशा, गुलाबगंज और गंजबासौदा रेलवे स्टेशनों पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। चौहान के कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट किया, ट्रेन से भोपाल से गंजबासौदा जाते समय, सांची रेलवे स्टेशन पर लाडली बहना, पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता ने शिवराज सिंह चौहान का गर्मजोशी से स्वागत किया। यात्रा के दौरान चौहान ने एएनआई को बताया कि जहां जनता होती है। वहां मामा होता है.. मैं लोगों से मिले प्यार और समर्थन के लिए आभारी हूं। मैं अपनी आखिरी सांस तक उनके लिए काम करूंगा।



## लोकसभा चुनाव: नामांकन का दौर शुरू, 19 अप्रैल को होगा प्रथम चरण का चुनाव

**रायपुर (आरएनएस)।** लोकसभा आम निर्वाचन के तहत छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण के निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी हो गई है। प्रदेश में प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को मतदान होगा। बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही आज से वहां नामांकन दाखिले की प्रक्रिया शुरू गई है। पहले दिन किसी भी प्रत्याशी द्वारा कोई नामांकन दाखिल नहीं किया गया। बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए उम्मीदवार 27 मार्च तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन दिवसों में प्रात: 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है।

# नैतिक और बौद्धिक रूप से दिवालिया हो गई है कांग्रेस : जे.पी. नड्डा

**भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मल्लिकार्जुन खड़गे के आरोपों पर किया पलटवार**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा है कि ऐतिहासिक हार के डर से कांग्रेस नेताओं ने भारतीय लोकतंत्र और संस्थानों के खिलाफ बयानबाजी की है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि कांग्रेस का दिवालियापन आर्थिक नहीं है, बल्कि, कांग्रेस पार्टी नैतिक और बौद्धिक रूप से दिवालिया हो गई है। जेपी नड्डा ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि कांग्रेस को जनता पूरी तरह से खारिज कर देगी और ऐतिहासिक हार के डर से उनके शीर्ष नेतृत्व ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर भारतीय लोकतंत्र और संस्थानों के खिलाफ बयानबाजी की है। वे आसानी से अपनी अप्रासंगिकता का दोष %वित्तीय परेशानियों पर मढ़ रहे हैं।



दरअसल, उनका दिवालियापन आर्थिक नहीं, बल्कि नैतिक और बौद्धिक है। अपनी गलतियों को सुधारने की बजाय, कांग्रेस अपनी परेशानियों के लिए अथॉरिटीज को दोषी ठहरा रही है। चाहे आईटीएटी हो या दिल्ली हाईकोर्ट, उन्होंने कांग्रेस से नियमों का पालन करने, बकाया करों का भुगतान करने के लिए कहा। लेकिन, पार्टी ने कभी ऐसा नहीं किया।

जेपी नड्डा ने भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आगे कहा कि जिस पार्टी ने हर क्षेत्र, हर राज्य और इतिहास के हर पल में लूट की हो, उसके लिए वित्तीय लाचारी की बात करना हास्यास्पद है। जीप से लेकर हेलिकॉप्टर घोटाले और बोफोर्स तक सभी घोटालों से जमा हुए पैसे का इस्तेमाल कांग्रेस अपने चुनाव प्रचार में कर सकती है।

कांग्रेस के पार्ट टाइम नेता कहते हैं कि भारत का लोकतंत्र होना झूठ है, क्या मैं उन्हें विनम्रतापूर्वक याद दिला सकता हूं कि 1975 और 1977 के बीच केवल कुछ महीनों के लिए भारत एक लोकतंत्र नहीं था और उस समय भारत की प्रधानमंत्री कोई और नहीं बल्कि इंदिरा गांधी थीं।

# कांग्रेस में कोई लोस चुनाव लड़ने को तैयार नहीं : विष्णुदेव साय

**रायपुर (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा नहीं कर पाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस का बड़ा बुरा हाल है, कोई लड़ने को तैयार नहीं है. कल से प्रथम चरण के लिए नॉमिनेशन शुरू हो गया है. बस्तर में प्रथम चरण में चुनाव होना है, लेकिन कांग्रेस अभी तक प्रत्याशी घोषणा नहीं कर पाई है।



लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का प्रचार करने बस्तर के दौरे पर रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि लोग कांग्रेस छोड़-छोड़ कर जा रहे हैं. वहीं राजनांदगांव से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विरोध पर कहा कि आप देख रहे हैं कि किस तरह से उसका विरोध हो रहा है. मंच पर उनके कार्यकर्ता विरोध कर रहे हैं। बेमौसम बारिश से फसलों को हुए नुकसान के आंकलन के आदेश पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमने सभी कलेक्टर को बरसात-ओला गिरने से चना, गेहूं, सब्जी, भाजी समेत अन्य फसल को हुई क्षति का सर्वे कर सबको मुआवजा देने का निर्देश दिया है. किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है, जो किसानों का नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई सरकार करेगी।

## चुनाव आयोग में नई नियुक्तियों पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाएं खारिज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को चुनाव आयोग में नई नियुक्तियों पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाएं खारिज कर दी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 के अनुसार केंद्र को पैनल में रिक्तियों को भरने से रोकने की मांग करने वाले आवेदनों पर सुनवाई की। सुनवाई के बाद पीठ ने याचिकाएं खारिज कर दीं। पिछले हफ्ते केंद्र सरकार ने ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को चुनाव आयुक्त नियुक्त करने की अधिसूचना जारी की थी। यह फैसला लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के इस्तीफे के कुछ दिनों बाद आया।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छ.ग. के नवीन राज्य परिषद की घोषणा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य अध्यक्ष एवं स्कूल शिक्षामंत्री माननीय श्री बृजमोहन अग्रवाल जी ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय के रूल्स बुक क्र. 58 एवं छत्तीसगढ़ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के उपनियम की धारा 17 (II, III) के अनुसार निम्नलिखित पदाधिकारियों की राज्य परिषद हेतु आगामी नवीन कार्यकाल हेतु नामों की घोषणा की गई है- कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेश अग्रवाल रायपुर, उपाध्यक्ष (3 महिला) पद पर लक्ष्मी वर्मा, श्रीमती सुनीता संजय बोहरा दुर्ग, श्रीमती ओजस्वी भीमा मंडावी दंतेवाड़ा, उपाध्यक्ष (3 पुरूष) श्री विजय केसरवानी बलौदाबाजार, श्री कार्तिकेश्वर स्वर्णकार जांजगीरचांपा, श्री राजेन्द्र गोलछा राजनांदगांव, राज्य मुख्य आयुक्त पद पर डॉ. सोमनाथ यादव बिलासपुर, राज्य कोषाध्यक्ष श्री मुरली शर्मा रायपुर को नियुक्त किया गया है। राज्य परिषद छत्तीसगढ़ के नवीन कार्यकाल के लिए राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव जी ने सभी पदाधिकारियों को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ परिवार की ओर से हार्दिक बधाई दी।

# शारीरिक क्षमता के साथ मानसिक बल को बढ़ाता है बॉडी बिल्डिंग : ईडी एमएस चौहान

**पॉवर कंपनी में अंतर क्षेत्रीय शक्तित्तोलन एवं शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता का आगाज**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में दो दिवसीय अंतर क्षेत्रीय पॉवर लिफ्टिंग एवं बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का गुरूवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव एवं कार्यपालक निदेशक श्री एम एस चौहान ने कहा कि बॉडी बिल्डिंग और पॉवर लिफ्टिंग जैसे खेल शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक बल को भी बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि पॉवर कंपनी ऊर्जा क्षेत्र में कार्य करती है ऐसे में उनके अधिकारी ङ्क कर्मचारी हमेशा ऊर्जा से भरे रहे यह प्रबंधन का प्रयास रहता है। इस मौके पर क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के अध्यक्ष कार्यपालक निदेशक श्री के एस मनोठिया ने कहा कि पॉवर कंपनी में इतनी बड़ी संख्या में प्रतिभागियों का शामिल होना दर्शाता है कि व्यक्ति शारीरिक बल से नहीं मनोबल से युवा होता है। उद्घाटन अवसर पर आयोजन के प्रभारी श्री मनोज वर्मा ने आई हुई टीमों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं आयोजन के संबंध में प्रकाश डाला।



क्षेत्रीय कला एवं क्रीड़ा परिषद के सचिव श्री विनय चंद्राकर ने बताया कि 21-22 मार्च को पॉवर कंपनी मुख्यालय परिसर में आयोजित की जा रही इस प्रतियोगिता में 8 क्षेत्रीय टीमों के 57 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। पहले शक्तित्तोलन ( पॉवर लिफ्टिंग) की आठ वर्गों में प्रतिस्पर्धा हो रही है वहीं दूसरे और अंतिम दिन शरीर सौष्ठव (बॉडी बिल्डिंग) प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में रायपुर क्षेत्र, रायपुर सेन्ट्रल, दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, मड़वा और जगदलपुर की टीमें हिस्सा ले रहीं हैं।

उद्घाटन अवसर पर केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के पूर्व सचिव श्री आर के बंछोर, कार्यपालन अभियंता श्री आशीष अग्निहोत्री, श्री व्ही के तिवारी प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव और होली त्योहार के मद्देनजर वाहन चेकिंग अभियान हुआ तेज

**थाना कोतवाली, बागनदी, डोंगरगढ़, ओपी सुरगी एवं थाना यातायात पुलिस द्वारा की गई जांच-पड़ताल**

**राजनांदगांव-रायपुर (आरएनएस)।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया है की आगामी लोकसभा चुनाव होली और रमजान को देखते हुए अपने अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखने और सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने शराब, मादक पदार्थों व अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने तथा कानून-व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाये रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया था। जिसके तहत् थाना कोतवाली, बागनदी, डोंगरगढ़, ओपी सुरगी एवं थाना यातायात पुलिस द्वारा दिनांक 20/03/2024 को आने जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालो के कुल 145 प्रकरण में 45100/- रूपये समंस शुल्क कर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में जागरूक भी किया गया।

# कोई गबन, कोई घोटाला नहीं हुआ, यह भाजपा के स्लीपर सेल का दुष्प्रचार : भूपेश बघेल

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी में किसी तरह का कोई ग़बन या घोटाला नहीं हुआ है. जो भी भुगतान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से किया गया वह एक वैधानिक अनुबंध के तहत किया गया. प्रदेश कांग्रेस के एक पूर्व पदाधिकारी ने जो भी शिकायत की है वह दरअसल भाजपा स्लीपर सेल का दुष्प्रचार है।



श्री बघेल ने कहा है कि पार्टी की अंदरूनी और वैधानिक अनुबंध पर इस तरह की शिकायत करना और फिर उसे मीडिया में प्रचारित प्रसारित करना पार्टी के अनुशासन के ख़िलाफ़ है और यह निश्चित तौर पर पार्टी के भीतर रहकर भाजपा के स्लीपर सेल के लिए काम कर रहे लोगों को काम है. इसीलिए भाजपा पार्टी के इस अंदरूनी मामले को इतना तूल भी दे रही है. उन्होंने कहा है, मैंने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट जी और अध्यक्ष दीपक बैज से इस संबंध में बात की है और उनसे अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

उन्होंने कहा है कि कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल ने इस अनुबंध से पहले मुझसे विस्तृत चर्चा की थी और मेरी जानकारी के अनुसार इसके लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्कालीन अध्यक्ष से बाक़ायदा स्वीकृति भी ली गई थी.

श्री बघेल ने कहा है कि मुख्यमंत्री के रूप में मेरे, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के सोशल मीडिया प्रबंधन के लिए यह अनुबंध हुआ था।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा है कि हर राजनीतिक दल अपने प्रचार प्रसार के लिए किसी न किसी प्रोफ़ेशनल कंपनी के ज़रिए काम करती है. इसमें कुछ भी नया नहीं है. कांग्रेस पार्टी ने भी सोशल मीडिया प्रबंधन और अन्य कार्यों के लिए टेसू मीडिया लैब से अनुबंध किया तो यह पार्टी का अंदरूनी मामला है।

श्री बघेल ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के हस्ताक्षर से ही हर महीने भुगतान होता रहा इसलिए यह कहना बेबुनियाद है कि उनको अंधेरे में रखकर कुछ किया गया. जो भी भुगतान हुआ है वह वैधानिक है और इसके लिए टीडीएस काटने और जीएसटी भुगतान जैसी सारी वैधानिक औपचारिकताएं भी पूरी की गई हैं. इस पूरे लेनदेन में किसी तरह की गड़बड़ी होने के कोई आसार ही नहीं हैं।

## चुनाव आयोग के अधीन हुआ पुलिस विभाग, अधिसूचना जारी

**रायपुर (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव-2024 के संचालन के लिए राज्य सरकार के समस्त पुलिस अधिकारी निर्वाचन आयोग में प्रतिनियुक्ति पर माने जाएंगे और आयोग के नियंत्रण में रहेंगे. इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के गृह विभाग द्वारा मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर, अटलनगर से मंगलवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा के प्रावधान के अनुसरण में और भारत निर्वाचन आयोग के परिपत्र में दिए गए निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए लोकसभा चुनाव-2024 के संचालन के लिए राज्य सरकार द्वारा पदाभिहीत समस्त पुलिस अधिकारी, ऐसे निर्वाचन की अपेक्षा करने वाली अधिसूचना दिनांक से शुरु होकर और ऐसे निर्वाचन के परिणामों के घोषित किए जाने की तारीख को समाप्त होने वाली अवधि के लिए निर्वाचन आयोग में प्रतिनियुक्ति पर माने जाएंगे.

## संक्षिप्त समाचार

### राजभवन के मुख्य सुरक्षा अधिकारी को स्थानांतरण पर दी गई बिदाई



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्री ज्ञानेंद्र अवस्थी के स्थानांतरण होने पर उन्हें नये दायित्व तथा उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल के सचिव श्री यशवंत कुमार ने कहा कि सुरक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस चुनौती पूर्ण दायित्व को श्री अवस्थी ने कुशलता पूर्वक निभाया है। उन्होंने श्री अवस्थी को नये दायित्व के लिए बधाई दी। इस अवसर पर राज्यपाल के विधिक सलाहकार श्री राजेश श्रीवास्तव, राज्यपाल के परिसहाय स्क्वा. लीडर श्री निशांत कुमार सहित राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### अपने पुराने अंदाज में दिखे कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय को जिताने लोगों से घर-घर दस्तक देते मिले



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश में कांग्रेस की सरकार बनाने कांग्रेस पूरी ताकत से चुनाव मैदान में उतरने जा रही हैं। जिसे लेकर रायपुर लोकसभा प्रत्याशी श्री विकास उपाध्याय के पक्ष में लोगों को वोट देने रायपुर उत्तर विधानसभा के पूर्व विधायक श्री कुलदीप जुनेजा अपने साथियों को लेकर वार्ड में लगातार सक्रीय हो रहे हैं। इसी कड़ी में राजीव गांधी वार्ड के शास्त्री नगर में दौरा किया. ज्ञात हो कि श्री जुनेजा के प्रयास से ही इस वार्ड में मुख्यमंत्री योजना द्वारा पट्टे का वितरण करवाया था। इस दरमियान उन्होंने वार्ड के लोगों से कांग्रेस को वोट देने का आग्रह किया। प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष संजय सोनी, वार्ड अध्यक्ष चित्ररंगा साहू, सागर तांडी, अरुण सिंह, मकसूद अली, संजू ठाकुर, कविराज सोनी, कमल घृतलहरे, सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कलेक्टर पहुंचे जल जीवन मिशन के हितग्राही के घर, पूछा-पानी आ रहा, हितग्राही बोले-अब दो टाइम शुद्ध पेयजल मिल रहा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह आज ग्राम जुगेसर के निरीक्षण पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत निर्माण पानी टंकी का निरीक्षण किया और अधिकारियों से इसकी जानकारी ली उन्होंने पूर्ण होने और नियमित पेयजल आपूर्ति होने के बारे में बताया। कलेक्टर सीधे हितग्राही के घर पहुंचे और उन्होंने कलेक्टर ने हितग्राही से पूछा कि नल में पानी आ रहा है। हितग्राही ने संतुष्टि जाहिर की और बताया कि घर पर कुआ के पानी का उपयोग करते थे। घर पर नल से सुबह और शाम दोनों समय में शुद्ध पेयजल मिल रहा है। महीने में मात्रा 100 रूपए शुल्क ही लिया जा रहा है। इस अवसर पर एसएसपी श्री संतोष सिंह और सीईओ श्री विश्वदीप उपस्थित थे।

## मातृशक्ति का सम्मान सर्वोपरि : बृजमोहन

**महिला मोर्चा द्वारा भाजपा सरकार के 100 दिन पूर्ण होने एवं महतारी वंदन योजना के शुभारंभ पर आयोजित महतारी सम्मान कार्यक्रम में हुए शामिल**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नारी शक्ति स्वरूपा है। राष्ट्र के विकास एवं समृद्धि में इनका सबसे अहम योगदान रहता है। यही वजह है कि हमारी भारतीय जनता पार्टी माताओं-बहनों का सम्मान सर्वोपरि रखते हुए उनके हितों को ध्यान में रखकर कार्य करती है। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई महतारी वंदन योजना भी हमारी इस कथनी और करनी को प्रमाणित करती है। यह बात रायपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी एवं शिक्षा, संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने माता कौशल्या की भूमि चंदखुरी में जिला भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित महतारी सम्मान समारोह के दौरान कही।

यह कार्यक्रम भाजपा सरकार के 100 दिन पूर्ण होने एवं मातृशक्ति के सम्मान के लिए लागू महतारी वंदन योजना के शुभारंभ होने के अवसर पर शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में श्री अग्रवाल ने कहा कि महिलाएं हमारे समाज की आधार स्तंभ है। उनके कंधों पर संपूर्ण परिवार की जिम्मेदारी होती है। ऐसी मातृशक्ति की महत्ता को भाजपा ने समझा और उनके दुख दर्द को दूर करने का निर्णय लेते हुए उनके लिए कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की। इन योजनाओं में प्रमुख रूप से भाजपा शासित केंद्र सरकार की उज्जवला गैस योजना, राज्य सरकार की महतारी वंदन योजना प्रमुख रूप से शामिल है। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है।

## पालकों की शिकायत पर कलेक्टर ने किया सेक्रेट हार्ट हाई स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जांच कमेटी का गठन

**सुनील बुक डिपो एवं दो प्रकाशकों को थमाया नोटिस**

**अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में कमेटी का किया गठन, नापतौल विभाग ने की कार्रवाई**



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर के.एल. चौहान ने पालकों की पुस्तक सहित अन्य सामग्री के अनिवार्यता संबंधित गंभीर शिकायत पर सेक्रेट हार्ट हाई स्कूल प्रबंधन के खिलाफ अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में कमेटी गठन कर जांच के निर्देश दिए है। साथ ही आज नापतौल विभाग द्वारा छापामार कार्रवाई कर सुनील बुक डिपो बलौदाबाजार एवं हरपर कोलियन्स पब्लिसर गुरूग्राम हरियाणा के खिलाफ विधिक मापविज्ञान अधिनियम 2009 के तहत कार्रवाई करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उक्त नोटिस का जवाब 10 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। निरीक्षण में पहुंचे नापतौल विभाग के अधिकारी दामोदर वर्मा ने बताया कि जांच में कोलिन्स रिवाइज्ड इंग्लिस ग्रामर एण्ड कम्पोजिशन क्लास 6 में अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य 474.00 रूपये पाया गया है। जो पहले से मुद्रित अथवा प्रयुक्त अवेष्ठन अधिकतम खुदरा मूल्य 439.00 रूपये को परिवर्तित कर अधिकतम खुदरा मूल्य अंकित किया गया हैं जो प्रथम दृष्टिया में विधिक मापविज्ञान (पैकेज में रखी वस्तुए) नियम 2011 के नियम 18 का उल्लंघन है।

इसी तरह एरो पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद को भी नोटिस जारी किया गया है। साथ ही कलेक्टर के.एल चौहान ने नापतौल विभाग के अधिकारी को सभी बुक डिपो में व्यापक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए है।

## जिले में शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन के लिए ओपन लिंक फाऊंडेशन पुणे के द्वारा विनोबा भावे कार्यक्रम की कार्यशाला संपन्न



**जशपुर नगर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जशपुर जिले के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय में विशेष फोकस करते हुए शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन के लिए ओपन लिंक फाऊंडेशन पुणे के द्वारा संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में विनोबा भावे शिक्षक सहायता कार्यक्रम की कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला में विनोबा कार्यक्रम को लेकर पुणे से आए सीईओ विश्वजीत पवार ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह पहल जिला प्रशासन को

निपुण भारत, नवजतन और यशस्वी जशपुर जैसे प्रमुख शिक्षण कार्यक्रमों के संचालन में मदद करेगी। इसको लेकर शिक्षकों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के कार्यों में समय बचाने के उद्देश्य से जशपुर जिला प्रशासन और ओपन लिंक फाउंडेशन के बीच विगत महीने से ही लगातार चर्चा हो रही थी। कार्यशाला में जिले के सभी विकासखण्डो में विनोबा एप में शिक्षकों के पंजीकरण और उपयोग के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इसका उद्देश्य शिक्षकों के काम को सरल बनाकर और उनका समय बचाकर सीखने के परिणामों में बड़े पैमाने पर सुधार करना है। यह कार्यक्रम शिक्षकों को अपने स्कूलों की सर्वोत्तम गतिविधियों को एक-दूसरे के साथ साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। शिक्षा में नवाचार लाने, शिक्षकों के कार्य को सुविधाजनक बनाने, शैक्षिक कार्यों तथा शिक्षकों के द्वारा नई गतिविधियों को साझा करने और शिक्षकों को एकेडमिक सहायता प्राप्त करने के लिए विनोबा कार्यक्रम का क्रियान्वयन जिले में किया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से नियमित रूप से ब्लॉक एवं जिला स्तर पर शिक्षकों द्वारा किये गये अच्छे कार्यों की पहचान करना और उन्हें प्रोत्साहित करना आसान होगा।

कार्यशाला में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद भटनागर ने कहा कि सभी के सहयोग से जशपुर जिला बेहतर कार्य करेगा तथा हाई और हायर सेकंडरी विद्यालयों की तरह ही प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्तर पर भी बेहतर परिणाम प्राप्त होगा। संकल्प प्राचार्य विनोद गुप्ता ने कहा कि हमारे शिक्षक बेहतर प्रदर्शन करेंगे और आने वाले समय में जिले का गौरव और बढ़ेगा।

कार्यशाला में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार भटनागर, जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र सिन्हा, यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा, अवनीश पांडेय और संजय दास सहित सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी, जिले के तकनीकी रूप से कार्य करने में कुशल संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

## बहीगांव दिलदार ढाबा में 3.930 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त

**कोण्डागांव ( विश्व परिवार )।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण, विक्री, संग्रहण, परिवहन के रोकथाम के क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के निर्देश पर सहायक आयुक्त आबकारी अलेख राम सिदार के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा लगातार अवैध शराब निर्माण, विक्री, संग्रहण, परिवहन के विरूद्ध अभियान चला कर कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत 19 मार्च को बहीगांव के दिलदार ढाबा में कार्यवाही के दौरान 3.930 बल्क लीटर विदेशी शराब को आरोपी हेमराज कचलाम पिता मगंउराम कचलाम के पास प्राप्त होने पर जब्त करते हुए छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) (ख) एवं 34 (2) के तहत् प्रकरण कायम कर मामला विवेचना में लिया गया है। जब्त अवैध शराब का कुल बाजार मूल्य 2300 रूपये आंका गया है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./10313/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 21-03-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 10313**
**वार्ड का नाम-47-सिविल लाईन वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **47** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR342A00132** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DR. ANAND AHUJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RUPCHAND AHUJA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **कविता आहूजा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. डॉ. आनंद आर आहूजा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./10323/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 21-03-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 10323**
**वार्ड का नाम-45-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR757B0541A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ANJANA DEVI BADLANI, SUNIL BADLANI, MUKESH BADLANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MOHAN LAL BADLANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. ज्योति मालू 2. जयश्री जैन 3. सोनल जैन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. विनय जैन 2. जयश्री जैन 3. सोनल जैन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 817 दिनांक 21.03.2024**
**वार्ड का नाम- जवाहर लाल नेहरू वार्ड**
**वार्ड क्र. 36 वर्ष- 2023-24**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **36** मांग **पंजी क्र. 308 युआईडी 29756** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **रजनी टिमबर, जगदीश इंटरप्राइसेस / रजनी टिम्बर** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **प्रेमजी भाई पटेल / सोमजी भाई पटेल** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **20-04-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 818 दिनांक 21.03.2024**
**वार्ड का नाम- इंदिरा गांधी वार्ड**
**वार्ड क्र. 34 वर्ष- 2023-24**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **34** मांग **पंजी क्र. 321 युआईडी 28723** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **देवाराम साहू / असई साहू** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **मोहन साहू / देवाराम साहू** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **20-04-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 819 दिनांक 21.03.2024**
**वार्ड का नाम- सुभाष चन्द्र बोस वार्ड**
**वार्ड क्र. 35 वर्ष- 2023-24**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **35** मांग **पंजी क्र. 118 युआईडी 29016** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **मो. हलीम / अब्दुल रउफ** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **खतीजा खातून / मो. जियाउद्दीन** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **20-04-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2991574**
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

***आम-सूचना***

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **बोरियाकला,** रायपुर में निर्मित **एल.आई.जी. फ्लैट क्र.-541 ब्लॉक-34, तृतीय तल श्री राजेश साहू पिता स्व. श्री गुरुदयाल साहू,** निवासी- म.नं.-27, वीर सावरकर नगर हीरापुर वार्ड-01, टाटीबंध रायपुर (छ.ग.), के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन **आदेश क्रमांक-8206** दिनांक **31.07.2014** के माध्यम से एकमुश्त आधार पर आबंटित है। आवासीय फ्लैट 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त फ्लैट को **फ्री-होल्ड** के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका **फ्री-होल्ड** संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन का **फ्री-होल्ड किये जाने में** किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.**



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223**
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

***आम-सूचना***

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा, सामान्य आवास योजनांतर्गत **कचना फेस-1,** रायपुर में स्थित **ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट क्रमांक 127, ब्लॉक नं.-11, (प्रथम तल)** को इस कार्यालय के नामांतरण **आदेश क्रमांक 34** दिनांक **05.01.2018 श्री कामता प्रसाद द्विवेदी पिता स्व. श्री रामानुज तिवारी,** के नाम नामांतरित किया गया है। वर्तमान में नामांतरी **श्री कामता प्रसाद द्विवेदी पिता स्व. श्री रामानुज तिवारी,** निवासी- श्यामाचरण शुक्ल निवासी, शिव मंदिर खम्हारडीह, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को **क्रेता मो. फारूक पिता श्री आलम सरदार,** निवासी- ब्लॉक नं.-26, हाउस नं.-23, हाउसिंग बोर्ड बस्ती, कचना जिला-रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र **(एन.ओ.सी.)** प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त फ्लैट के **विक्रय करने** के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./10170/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 20-03-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 10170**
**वार्ड का नाम-18 - बालगंगाधर तिलक वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 18 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR110A00249** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **1. SHAILESH KSHIRSAGAR 2. SUBHANGI SUBHASH KHEDKAR 3. SANGITA SUNIL MOTIKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DEVRAO KSHIRSAGAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHAILESH KSHIRSAGAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DEVRAO KSHIRSAGAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./10306/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 21-03-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 10306**
**वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR737D00700** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MAHESH KUMAR HARIRAMANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE DETARAM HARIRAMANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री विजय कुमार हरिरामानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता- स्व. श्री डेटाराम हरिरामानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /10311/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 21-03-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 10311**
**वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **1** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801P00130** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **JASVIR KAUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SURJEET SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DILIP GHORAI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHITRANJAN GHORAI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /10317/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 21-03-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 10317**
**वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **1** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801N00480** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BIPENDRA KUMAR SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HARENDRA KUMAR SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **EKTA OJHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANJAY KUMAR OJHA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./10322/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 21-03-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 10322**
**वार्ड का नाम-45-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR757B00541** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ANJANA DEVI BADLANI, SUNIL BADLANI, MUKESH BADLANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MOHAN LAL BADLANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. विनय जैन 2. विवेक जैन 3. विकास जैन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **तीनों पिता स्व. पारसमल जैन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./10318/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 21-03-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 10318**
**वार्ड का नाम-57-पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 57 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR448F00246** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MANJU RANI SARKAR, PARTH KUMAR SARKAR, CHANDANA SARKAR, BABLI MAJUMDAR SARKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE PURNENDU KUMAR SARKAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. पार्थ कुमार सरकार 2. कु. चंदना सरकार 3. बबली मजुमदार सरकार** पिता/पति, श्री/श्रीमती **तीनों पिता स्व. पूर्णेन्द्र कुमार सरकार** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, परिचय पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

# दुर्ग की सरोज पाण्डेय के व्यवहार से सब वाकिफ

## भाजपा अपने को संभाले-कांग्रेस की चिंता न करे

### कटघोरा विधानसभा स्तरीय महासम्मेलन



**कोरबा(विश्व परिवार)।** कटघोरा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम घनाकछार में विधानसभा स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं का महासम्मेलन में जुटे क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत के पक्ष पूरी तरह चुनावी तैयारी में जुट जाना है। कार्यक्रम के आयोजक व क्षेत्र के पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी को एक भी कार्यकर्ता या नेता संसदीय क्षेत्र का नहीं मिला। यही वजह है कि दुर्ग की सरोज पाण्डेय को वहां की जनता ने चुनाव में उनके अपने व्यवहार व आचरण के कारण हरा चुकी है। राजनीति में बने रहने के लिए पिछले दरवाजे से नेतागिरी करती रही हैं। कभी भी दुर्ग की जनता ने सरोज पाण्डेय को नहीं स्वीकारा है। सांसद ज्योत्सना महंत ने घनाकछार में आयोजित बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं व पदाधिकारिया से खुलकर अपनी बात रखी और कहा कि वर्तमान चुनाव देश में युवाओं को रोजगार और महंगाई के साथ-साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ इसमें सभी का समर्थन और सहयोग चाहती है। इसके अलावा सांसद ज्योत्सना महंत ने बांकीमोंगरा में कांग्रेस नेता प्रदीप अग्रवाल की माता के निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। दीपका नगर पालिका अध्यक्ष संतोषी दीवान के पति स्व. जगदीश सिंह के निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना जताई। दीपका के पार्षद मदन राजपूत के परिवार में दुरूख की बेला में पहुंचकर परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। सांसद ने दीपका में केदार सिंह, श्रीमती मनोरा लकड़ा, पूर्व पार्षद श्रीदेवी नायर, अंजना जायसवाल, निषा बंजारे, प्रशांति सिंह सहित महिलाओं से मुलाकात की। सांसद के साथ क्षेत्रीय दौरे में जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, प्रशांत मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष रतन मित्तल, डॉ. शेख इश्तियाक, ब्लॉक अध्यक्ष राजू लखनपाल, गोरेलाल यादव, श्रीमती उषा तिवारी, तनवीर अहमद, हसन अली, राज जायसवाल, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रभा तंवर, रेखा त्रिपाठी, रूपा मिश्रा, संतोष राठौर, अशरफ मेमन, बालेन्द्र सिंह, रामशरण कुंवर सहित क्षेत्र भर के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सी-विजिल ऐप ने आम नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की गतिविधि को रोकने कर सकेंगे मदद

**कोरबा(विश्व परिवार)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन उपलब्ध कराया गया है। सी-वीजिल का अर्थ सिटिजन वीजिलेंस यानि नागरिकों की सतर्कता है। सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की कुशलतापूर्वक त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की गतिविधि को रोकने में मदद मिलती है और निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाती है। सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन को गूगल प्ले स्टोर एवं एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यह एप्लीकेशन नागरिक जुड़ाव और प्रवर्तन प्रक्रिया में भागीदारी को बढ़ावा देता है। निर्वाचन को ठीक से संचालित करने के लिए विश्वास-आधारित साझेदारी की आवश्यकता है और यह मोबाइल एप्लीकेशन जागरूकता, विश्वास और आत्मविश्वास पैदा कर उस साझेदारी को सुगम बनाने में सहायक सिद्ध होता है। कलेक्टर ने जिले के सभी विधानसभाओं के लिए नियुक्त रिटर्निंग ऑफिसर्स सहित अन्य अधिकारियों को सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। सी-विजिल मोबाईल एप्लीकेशन निर्वाचन सीमा के भीतर प्रत्येक नागरिक को आवेदन में साइन-इन करके अपने मोबाइल फोन के माध्यम से फोटो, ऑडियो, वीडियो लेकर आदर्श आचार संहिता व व्यय उल्लंघन की रिपोर्ट करने की अनुमति देता है। ऐप नागरिकों को उनके व्यक्तिगत विवरण पहचान का खुलासा किए बिना गुमनाम रूप से शिकायत करने की भी अनुमति देता है। जब उपयोगकर्ता उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए सी-विजिल में अपने कैमरे को चालू करते हैं, तो ऐप स्वचालित रूप से एक जियो-टैगिंग सुविधा को सक्षम करता है, जिससे फील्ड यूनिट की घटना के सटीक स्थान को जानने में मदद मिलती है। ऐप सभी आदर्श आचार संहिता उल्लंघन व शिकायतों तक पहुंच सकता है और रीयल-टाइम प्रगति की जांच कर सकता है। फील्ड यूनिट द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के बाद निर्णयकर्ता व रिटर्निंग अधिकारी सी-विजिल मामलों पर ड्रॉप, डिसाइड और एस्केलेट जैसी कार्रवाई कर सकते हैं।

# महिंद्रा कैंपर वाहन की चोरी नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** बुधवारी बाजार के पास से महिंद्रा कैंपर वाहन की चोरी किसी अज्ञात चोर ने कर ली। वाहन मालिक की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर नाबालिग आरोपित को गिरफ्तार किया। घटना सीएसईबी पुलिस चैकी अंतर्गत सोमवार को हुई। बताया जा रहा है कि जयपाल सिंह निवासी कृष्णा नगर थाना दीपका अपनी महिंद्रा कैंपर वाहन क्रमांक सीजी 12 एके 8613 लेकर कोरबा आया था और शाम 5.30 बजे अपने वाहन को आईटीआई रोड बुधवारी में सड़क किनारे खड़ी कर गाड़ी का कागजात लेने श्याम केवट के यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस आफिस गया हुआ था। शाम छह बजे कागजात लेकर लौटा, तो स्थल पर वाहन नहीं दिखा। स्थल से किसी अज्ञात व्यक्ति ने वाहन की चोरी कर ली थी। काफी खोजबीन किए जाने के बाद भी वाहन का पता नहीं चला, तो जयपाल सिंह ने मामले की शिकायत सीएसईबी पुलिस चैकी में दर्ज कराई। पुलिस ने मामला कायम कर विवेचना शुरू की और मुखबिरों को सतर्क किया। चैकी प्रभारी सीएसईबी उप निरीक्षक विनोद कुमार सिंह द्वारा अपने मातहत स्टाफ प्रधान आरक्षक सुधांशु शर्मा, आरक्षक देवनारायण कुर्रे, सूरज भारद्वाज, विकास भारद्वाज के साथ कार्रवाई करते हुए घटना के एक घंटे के भीतर चोरी गई वाहन को क्षेत्र अंतर्गत निवासरत एक विधि से संघर्षरत बालक के कब्जे से बरामद किया।

# तेज वर्षा व ओले गिरने की संभावना मौसम विभाग ने किया सतर्क

**कोरबा(विश्व परिवार)।** तापमान में लगातार गिरावट के साथ मौसमी उठा पटक का दौर दूसरे दिन भी जारी रहा। मौसम विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार आगामी 24 घंटे के भीतर तेज हवा चलने के साथ वर्षा और ओले गिरने की संभावना है। विभाग ने लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा है। मंगलवार की शाम आसमान में बदली के साथ शाम को हुइ बूंदाबांदी के साथ ठंड का असर तेज हो गया। शहर में दोपहर को तापमान अधिकतम 23 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं देर शाम 11 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसमी बदलाव का असर पिछले दो दिनों से जारी है। सुबह मौसम हल्का साफ रहने के बाद शाम के समय में तेज हवा के चलने के साथ वर्षा की स्थिति देखी जा रही है। मंगलवार को शहर में भी इसी तरह की स्थिति देखी गई। पिछले 48 घंटे से आसमान में बदली और वर्षा का असर होने से वातारण में नमी हावी हो गया है। ठंड का असर जैसे फिर से लौट गया है। मौसमी उतार चढ़ाव का अलग अलग जगहों में भिन्नता देखी जा गई। शाम 5.30 बजे हुई वर्षा से कुछ पल के लिए लोगों को मार्ग के किनारे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में सहारा लेना पड़ा। आसमान में देर शाम तक बदली छाई रही। मौसम के जानकारों की माने से आगामी दो दिनो बूंदाबांदी के साथ आसमान में बदली का दौर जारी रहेगा। खेतों में गेहूं फसल पकने की स्थिति में आ गई है। लंबे समय तक मौसम में परिवर्तन व वर्षा का सिलसिला रहने पर किसानों के लिए नुकसानदेय होगा। वर्षा के चलते कुछ किसान आगामी खरीफ फसल के लिए मिट्टी पलटी के लिए खेत की जुताई करा रहे हैं।

# बेमौसम बारिश व् ओलावृष्टि से फसलों को हुई क्षति का शीघ्र सर्वे करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर अवनीश ने बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से फसलों को हुई क्षति का सर्वे कर जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। पिछले तीन चार दिनों से रोज शाम में बारिश हो रही है। गत चार दिनों में राजस्व विभाग द्वारा 38 मिमी बारिश दर्ज की गई है। उन्होंने राजस्व एवं कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौका मुआयना कर आरबीसी 6-4 के तहत प्रकरण बनाने के निर्देश दिए हैं। यथासंभव त्वरित गति से प्रकरण की स्वीकृति के साथ प्रभावित किसानों को भुगतान भी किया जाएं। उन्होंने सर्वेक्षण के दौरान प्रभावित किसानों की उपस्थिति भी सुनिश्चित करने को कहा है। जिले में बेमौसम बारिश का ज्यादा असर बिल्हा, बोदरी, मस्तुरी एवं बिलासपुर तहसील में अधिक हुआ है। कलेक्टर ने फसल क्षति के अलावा मकान क्षति, जन-धन हानि, पशु हानि आदि की क्षति का भी आकलन करने को कहा है। चूंकि फसल क्षति पर बीमा का भी फायदा मिलता है। इसलिए बीमा एजेण्ट भी सर्वे टीम के साथ रहें। अधिकारियों ने बताया कि जिन किसानों की फसल का नुकसान 30 प्रतिशत से अधिक होता है, उन्हें नियमानुसार आरबीसी 6-4 के तहत राहत राशि दिये जाने का प्रावधान है। जिले में रबी फसलों के अंतर्गत मुख्य रूप से गेहूं, चना, अलसी, राई, सरसों एवं अन्य फसल शामिल हैं। आरबीसी के साथ ही किसान यदि बीमा कराए हों, तो उन्हें बीमा योजना का भी फायदा मिलेगा। इसके साथ ही रबी बागवानी के अंतर्गत टमाटर, बैगन, फुलगोभी, पत्तागोभी, प्याज आलू जैसे फसलों को भी बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि से क्षति का भुगतान बीमा कम्पनी द्वारा किया जायेगा। कलेक्टर ने राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को संजीदगी के साथ सर्वे करने के निर्देश दिए हैं।

# तेंदूपत्ता शाखकर्तन पर मौसम की मार

### 1.31 लाख मानक बोरा संग्रहण में जुटेंगे 78 वन समिति



**कोरबा(विश्व परिवार)।** प्रदेश सरकार ने तेंदू पत्ता की खरीदी कीमत 4,000 से बढ़ाकर 5,500 रूपये कर प्रति मानक बोरा कर दिया गया है। प्रति मानक बोरा 1,500 रूपये खरीद कीमत में वृद्धि की गई है लेकिन कटघोरा व कोरबा दोनों वन मंडलों मे संग्रहण लक्ष्य 1.31 लाख मानक को यथावत रखा गया है। कीमत बढ़ने के साथ ही संग्राहकों की संख्या भी बढ़ने लगी है। तेंदूपत्ता तोड़ने वाले परिवारों को आस थी कि पत्ते की कीमत के साथ लक्ष्य में भी बढ़त की जाएगी पर ऐसा नहीं हुआ। साख कर्तन में मौसमी मार व लक्ष्य में वृद्धि नहीं किए जाने से संग्राहको में बढ़ी कीमत के बाद निराशा देखी जा रही है। तेंदू पत्ता संग्रहण के लिए साख कर्तन काम 15 मार्च से शुरू होने के बाद अंतिम चरण की ओर है। संग्राहकों में तेंदू पत्ता के एवज में मिलने वाली राशि को लेकर उत्साह थी वह सीमित लक्ष्य के चलते निराशा में परिवर्तित हो गई है। उपर से मौसमी परिवर्तन के साथ ओला वृष्टि ने नए पत्तों के तैयार होने में बाधा उत्पन्न् कर दी है। वन परिक्षेत्र में तेंदू रोपणी में लगातार आ रही कमी की वजह से अब संग्रहण पर इसका असर होने लगा है। भले शासन की ओर से तेंदूपत्ता संग्रहण की दर में लगातार बढ़ोतरी की जा रही किंतु तेंदू के सिमटते वन परिक्षेत्र के संरक्षण में ध्यान नहीं दिया जा रहा। जंगल में इन दिनों महुआ संग्रहण के लिए पेड़ के नीचे आग भी लगा दी जा रही। आगजनी की घटना प्रति वर्ष कई हजार छोटे पौधे पल्लवित होने से पहले ही नष्ट हो जाते हैं। संग्रहण वर्ष 2023 में कोरबा वन मंडल में 38 समिति गठित की गई थी। बीते वर्ष 54 हजार 100 मानक बोरा पत्ता खरीदी का लक्ष्य दिया गया था। इसी तरह कटघोरा वन मंडल में 78 हजार मानक बोरा का लक्ष्य रखा गया है। अब जबकि वर्ष 2024 में पत्ते की कीमत में बढ़त की गई है किंतु लक्ष्य को यथावत रखा गया है। वजह यह है कि तेंदूपत्ता नर्सरी परिक्षेत्र में घटने से संग्रहण लक्ष्य को बढ़ाना मुश्किल है।

# आवारा मवेशियों को सड़क से दूर रखने अभियान की सीईओ ने की समीक्षा

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** जिला पंचायत सीईओ आरपी चौहान ने आज अधिकारियों की बैठक लेकर आवारा मवेशियों को मुख्य मार्ग से हटाये जाने अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्धारित स्ट्रेचेस में से मवेशियों को सुरक्षित स्थलों में शिफ्ट करने काउकेचर एवं सड़कों की मैपिंग का कार्य किया जाए। जिला पंचायत में आयोजित बैठक में सीईओ चौहान ने कहा कि नोडल अधिकारी प्रतिदिन डायरी का संधारण करें और मौका मुआयना करते रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक चिन्हांकित स्ट्रेचेस में संबंधित विभाग द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी का नाम एवं मोबाइल नंबर सभी से साझा किया जाए ताकि आपसी समन्वय से यह कार्य किया जा सके। यातायात विभाग और नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि टोल फ्री नंबर 1100 और 1033 में कॉल आने पर 10 से 15 मिनट के भीतर पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम की टीम समन्वय कर चिन्हांकित स्थल से मवेशियों को हटाने का कार्य करती है।

## संक्षिप्त समाचार

# महापौर का अस्थायी जाति प्रमाण पत्र निलंबित

**कोरबा(विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम कोरबा के कांग्रेस महापौर राजकिशोर प्रसाद का जाति प्रमाण पत्र निलंबित कर दिया गया है। अस्थायी जाति प्रमाण पत्र का अंतिम जांच होने तक वे इस जाति प्रमाण पत्र का कोई लाभ नहीं ले सकेंगे। नगर पालिक निगम कोरबा के महापौर राजकिशोर प्रसाद द्वारा नगरीय निकाय चुनाव के दौरान अस्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया था जिसे अब निलंबित कर दिया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोरबा द्वारा 18 मार्च 2024 को जारी आदेश में उल्लेखित है कि तहसीलदार कोरबा द्वारा पांच दिसंबर 2019 को अनुमोदित अस्थाई जाति प्रमाण पत्र को प्रथम दृष्ट्या संदेहास्पद एवं कपट पूर्वक प्राप्त करने के कारण अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए अंतिम जांच होने तक निलंबित करने तथा अनावेदक राजकिशोर प्रसाद द्वारा किसी भी प्रकार के हित लाभ के लिए उपयोग नहीं किए जाने संबंधी आदेश जारी करने के निर्देश सक्षम अधिकारी को दिया गया है। उक्त आदेश के तहत राजकिशोर प्रसाद द्वारा अस्थाई जाति प्रमाण पत्र को किसी भी प्रकार के हितलाभ के लिए उपयोग करने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। गौरतलब है कि भाजपा पार्षद ऋतु चैरसिया द्वारा राजकिशोर प्रसाद के अन्य पिछड़ा वर्ग के अस्थाई जाति प्रमाण पत्र को चुनौती दी गई थी।

# करतला विकासखण्ड में उल्लास महापरीक्षा में 752 शिक्षार्थी शामिल हुए

**कोरबा(विश्व परिवार)।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित नवसाक्षर महापरीक्षा अभियान में करतला विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में 752 शिक्षार्थी शामिल हुए। इन ग्राम पंचायतों में एक सप्ताह पूर्व सर्वेयर शिक्षकों के माध्यम से गॉंव में सर्वे करते हुए ऐसे साक्षरों का चयन किया गया था जो पढ़ने व लिखने एवं संख्यात्मक ज्ञान में योग्य थे, साथ में उन शिक्षार्थियों का चिन्हांकन किया गया जिनकों प्रमाण पत्र प्राप्त नही हुआ था। करतला विकासखण्ड के निर्धारित कई केन्द्रों में एक ही परिवार के दो से अधिक लोगों ने परीक्षा दिलाई। प्राथमिक शालाओं को केन्द्र बनाया गया था जिनके प्रधान-पाठक केन्द्राध्यक्ष के साथ पर्यवेक्षक एवं मूल्यांकनकर्ता का दायित्व निर्वहन किये।

# स्कूल का छज्जा गिरने से 13 बच्चे हुए घायल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा के एक शासकीय स्कूल का छज्जा गिरने से 13 स्कूली बच्चे घायल हो गये है। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। बता दें कि घटना जिले के पोड़ी ब्लॉक के दर्री पारा गांव की है जहां बुधवार को क्षेत्र में चले तेज आंधी तूफान में शासकीय प्राथमिक स्कूल स्कूल का छज्जा गिर गया। घटना में 13 स्कूली बच्चे घायल हो गये। कई बच्चों के हाथ-पैर में गंभीर चोट आयी है। बताया जा रहा है कि जिस वक्त छज्जा गिरा, उस वक्त स्कूली बच्चे मध्याह्न भोजन कर रहे थे। घटना के बाद स्कूल प्रशासन ने घायल बच्चो को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उनका उपचार चल रहा है। वहीं सूचना मिलने पर शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे तथा मामले की जांच की जा रही है।

# दो हजार लीटर डीजल सहित टैंकर जब्त

**कोरबा(विश्व परिवार)।** क्षेत्र में अवैध डीजल एवं कबाड़ के विरुद्ध कार्रवाई करने पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थि तिवारी ने निर्देश दिया है। इसके बाद पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। थाना प्रभारी बागों द्वारा अपने मातहत कर्मचारियों के साथ वाहनों की जांच की जा रही थी, तभी एक पिकअप टैंकर क्रमांक सीजी 12 एस 4055 को रोक कर जांच की गई, तो उसमें असुरक्षित हालत में डीजल परिवहन करना मिला। इस पर पुलिस ने वाहन चालक परशुराम 22 वर्ष निवासी सेंधा नागपुर थाना पोड़ी जिला महेंद्रगढ़ से वाहन के पंजीयन, चालन अनुज्ञप्ति तथा टैंकर में लोड डीजल के संबंध में वैध मांगा, पर चालक के पास किसी प्रकार का दस्तावेज मौके पर नहीं मिला. इस पर चालक के विरूद्ध ज्वलनशील पदार्थ डीजल को असूरक्षित तरीके से बिना वैध अनुज्ञा- चालन अनुज्ञप्ति के अवैध परिवहन पाए जाने की कार्रवाई की गई। साथ ही टैंकर में परिवहन किया जा रहा दो हजार लीटर डीजल, वाहन समेत जब्त किया गया। चालक द्वारा डीजल एवं वाहन के पंजीयन तथा चालक अनुज्ञप्ति प्रस्तुत करने पर मोटरयान अधिनियम के अधीन असुरक्षित हालत में ज्वलनषील पदार्थ डीजल परिवहन करने, बैध अनुज्ञा के बिना वाहन का स्वरूप बदलकर पंजीयन की शर्तों का उल्लंघन तथा लदान क्षमता से अधिक लोड पाए जाने पर पृथक से कार्रवाई की गई।

दैनिक
विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर शुक्रवार 22 मार्च 2024

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



# संपादकीय

## विपक्षी दांव की दिक्कतें

अगर आज सत्ता का स्रोत लोगों का वोट नहीं, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें हैं, तो आम चुनाव तो एक बार फिर उन्हीं मशीनों से होने जा रहा है। फिर विपक्ष के लिए उम्मीद कहां बचती है? कांग्रेस ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की समाप्ति को इंडिया गठबंधन में शामिल तमाम दलों के नेताओं की जुटान का मौका बनाया। मुंबई की इस रैली में जुटे विपक्षी नेताओं ने संदेश दिया कि मौजूदा (चुनावी) संघर्ष में वे एकजुट हैं। लड़ाई किससे है, इसे राहुल गांधी ने देश को बताया। कहा कि मुकाबला किसी एक पार्टी या नरेंद्र मोदी नाम के व्यक्ति से नहीं है। लड़ाई एक 'विशिष्ट शक्ति' से है, वो शक्ति जो ईवीएम और संस्थाओं में निहित है। उन्होंने कहा- 'यह शक्ति आपका धन लूट रही है। नरेंद्र मोदी का काम तो सिर्फ इससे ध्यान हटाना है।' मगर यह वक्तव्य सिरे से समस्याग्रस्त है। अगर आज सत्ता का स्रोत लोगों का वोट नहीं, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें हैं, तो आम चुनाव तो एक बार फिर उन्हीं मशीनों से होने जा रहा है। फिर विपक्ष के लिए उम्मीद कहां बचती है? और अगर आज सचमुच निर्णायक भूमिका ईवीएम की हो गई है, तो यह प्रश्न भी उठेगा कि इन मशीनों को चुनाव से हटवाने के लिए कांग्रेस या समूचे विपक्ष ने अब तक कुछेक बयानों को छोड़कर कौन-सा अभियान चलाया है? इन सवालों को उठाने का मतलब ईवीएम को क्लीन चिट देना नहीं है। इन मशीनों के लेकर संदेह सचमुच गहराता गया है। चूंकि निर्वाचन आयोग ने इन संदेहों का निवारण करने और विश्वास का वातावरण बनाने की तनिक जरूरत भी महसूस नहीं की है, इसलिए इससे जुड़े सवाल बने हुए हैं। लेकिन अब जबकि चुनाव कार्यक्रम का एलान हो चुका है, विपक्ष का इसे प्रमुख मुद्दा बनाने का कोई तर्क नजर नहीं आता।बेहतर होता कि इंडिया गठबंधन के नेता इस पर आत्म-निरीक्षण करते कि उन्होंने इस चुनाव के लिए अपनी तरफ से कौन-सा ऐसा सकारात्मक कार्यक्रम पेश किया है, जिसको लेकर आम जन में उत्साह जग सके? इन नेताओं ने साझा नीति और कार्यक्रम की कोई जरूरत ही नहीं समझी है। नतीजतन, उनका प्रयास महज सीटों का तालमेल बन कर रह गया है। इसी का परिणाम है कि अब ऐन वक्त पर उन्हें मोदी हटाओ के नकारात्मक एजेंडे पर चुनाव मैदान में उतरना पड़ रहा है।

# भारत होगा उच्च मध्यम आय वाला देश

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

हम उम्मीद करें कि आगामी लोकसभा चुनाव के बाद देश वैश्विक आर्थिक संगठनों की रिपोर्टों के मुताबिक वर्ष 2027 में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के अनुमान के मुताबिक वर्ष 2031 तक दुनिया का उच्च मध्यम आय वाला देश बनने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगा हाल ही में 6 मार्च को वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत आर्थिक, वित्तीय तथा संरचनात्मक सुधारों के कारण वर्ष 2031 तक निम्न मध्यम से उच्च मध्यम आय वाला देश बन जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रहने और आगामी वित्त वर्ष 2024-25 में 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारत फिलहाल 3.6 लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके आगे अमरीका, चीन, जापान और जर्मनी हैं। 2030-31 तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 6.7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा और उस समय तक भारत की प्रति व्यक्ति आय भी बढक़र 4500 अमरीकी डॉलर तक पहुंच जाएगी और भारत उच्च मध्यम आय वाले देशों के समूह में शामिल हो जाएगा। गौरतलब है कि विश्व बैंक की परिभाषा के मुताबिक दुनिया में निम्न आय वर्ग वाले 26 देश हैं, जिनकी प्रति व्यक्ति सालाना आय 83000 रुपए या उससे कम है। निम्न मध्यम वर्ग वाले 55 देश हैं जिनकी सालाना प्रति व्यक्ति आय 83000 से 332000 रुपए के बीच है। उच्च मध्यम वर्ग वाले 55 देश हैं जिनकी सालाना प्रति व्यक्ति आय 332000 से 996000 रुपए के बीच है। उच्च वर्ग वाले 79 देश हैं जिनकी प्रति व्यक्ति सालाना आय 1000565 रुपए से अधिक है। इस समय भारत जीडीपी के मद्देनजर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत से आगे अमरीका, चीन, जर्मनी और जापान हैं। माना जा रहा था कि भारत 2026 में



जापान को पीछे कर दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, लेकिन अब भारत और जापान की अर्थव्यवस्था में बहुत थोड़ा अंतर रह गया है। इसलिए जापान की अर्थव्यवस्था से इसी साल 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था आगे निकल सकती है। 7 मार्च को दुनिया की वैश्विक वित्तीय सेवा कंपनी बार्कलेज ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि आगामी 5 वर्षों तक चीन की विकास दर भारत से कम रह सकती है तथा दुनिया की कुल जीडीपी में भारत का जो वर्तमान योगदान करीब 10 फीसदी है, वह 2028 में बढक़र 16 फीसदी हो जाएगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि हाल ही में ब्लूमबर्ग के द्वारा भारतीय सरकारी बॉन्डों को अपने सूचकांक में शामिल करने के फैसले से भारतीय ऋण बाजार को काफी मजबूती मिलेगी। इन बॉन्डों को 31 जनवरी 2025 से ब्लूमबर्ग सूचकांक में शामिल किया जाएगा। जेपी मॉर्गन के बाद ब्लूमबर्ग अपने उभरते बाजार बॉन्ड सूचकांक में भारतीय सरकारी बॉन्ड को शामिल करने वाला दूसरा प्रमुख वैश्विक सूचकांक प्रदाता है। जेपी मॉर्गन ने जून 2024 से भारतीय बॉन्डों को अपने सूचकांक में शामिल करने का निर्णय लिया है। भारतीय सरकारी बॉन्डों को ऐसे वैश्विक सूचकांकों में शामिल किए जाने से वैश्विक वित्तीय बाजार में भारत की वित्तीय प्रतिष्ठा बढ़ेगी और इसके कई लाभ होंगे। इससे भारत में विदेशी निवेश बढ़ेंगे, जिससे सरकार को अपने राजकोषीय घाटे की भरपाई करने में मदद मिलेगी। साथ ही सरकार को चालू खाते के घाटे की भरपाई में भी आसानी होगी। यह बात महत्वपूर्ण है कि इन दिनों भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में यह रेखांकित हो रहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था विकास की पटरी पर पूरी रफ्तार से दौड़ रही है और विकास की ऐसी तेज रफ्तार से भारत 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश तथा वर्ष 2031 तक उच्च मध्यम आय वाला देश बन जाएगा। साथ ही वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में चमकते हुए दिखाई दे सकता है। हाल ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर से दिसंबर तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 8.4 फीसदी की तेज दर से बढ़ा है। जीडीपी की यह रफ्तार भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 6.5 फीसदी के अनुमान से भी अधिक रही है। जीडीपी के इस उत्साहवर्द्धक परिदृश्य के मद्देनजर अब एनएसओ ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 7.6 फीसदी कर दिया है। इस समय भारतीय शेयर बाजार भी दुनियाभर में ऊंचाइयों पर रेखांकित होते हुए दिखाई दे रहा है। 7 मार्च 2024 को जो सेंसेक्स 74000 से अधिक की अब तक की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा है, वह 2024 के अंत तक 100000 से अधिक के स्तर पर पहुंच सकता है। इस तरह भारतीय अर्थव्यवस्था उम्मीद से बढक़र प्रदर्शन कर रही है। इससे पता चलता है कि अर्थव्यवस्था की ताकत और क्षमता बढ़ रही है और इससे भारत विकसित राष्ट्र बनने की डगर पर आगे बढने की अच्छी संभावनाएं रखता है। इसमें कोई दो मत नहीं कि इस समय भारत दुनिया की सबसे तेज अर्थव्यवस्था के साथ आर्थिक विकास की डगर पर तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था को आर्थिक पंख लगे हुए दिखाई दे रहे हैं। घरेलू संरचनात्मक सुधार, मैन्युफैक्चरिंग, ग्लोबल सप्लाई चेन, इंफ्रास्ट्रक्चर में इन्वेस्टमेंट और ग्रीन एनर्जी पर निर्भरता बढने से भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी, सबसे अधिक कौशल प्रशिक्षण के अभियान, बढ़ता सर्विस सेक्टर, बढ़ते निर्यात और अर्थव्यवस्था के बाहरी झटकों से उबरने की क्षमता नए भारत के निर्माण की बुनियाद बन सकती है। इतना ही नहीं, तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार के कारण दुनिया के अधिकांश देशों की भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफ्टीए) की ललक दिखाई दे रही है, प्रवासी भारतीयों के द्वारा लगातार प्रति वर्ष अधिक धन भारत को भेजने के साथ भारत को तकनीकी विकास के लिए मदद बढ़ी है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक मंचों पर भारत को विशेष महत्व, अमरीका और रूस दोनों महाशक्तियों के साथ दुनिया के जी-20 देशों में भारत की नई अहमियत और दुनिया में मजबूत लोकतंत्र और स्थिर सरकार के रूप में भारत की पहचान भारत के विकास को तेज रफ्तार दे रही है।

# विचार

## कड़वे सच का सामना

अरविंद सुब्रह्मण्यम का ताजा बयान उन आंकड़ों पर एक गंभीर सवाल है, जिनके आधार पर भारत में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और अगले 23 वर्षों में विकसित भारत बना देने का नैरेटिव बुना गया है। मशहूर अर्थशास्त्री और नरेंद्र मोदी सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रह्मण्यम ने भारत के लोगों को अपना दिमाग कबाड़ मुक्त करने की सलाह दी है। उन्होंने आगाह किया है कि भारत एक बड़ा बाजार नहीं है। भारत का घरेलू बाजार इतना बड़ा नहीं है, जिसके बूते भारत का मैनुफैक्चरिंग उद्योग फूल-फल सके। उन्होंने कहा- 'भारत यह सोच कर बहुत बड़ी गलती कर रहा है कि वह अपने घरेलू बाजार के बूते आगे बढ़ सकता है। मेरी समझ में यह घातक निष्कर्ष है।' सुब्रह्मण्यम का तात्पर्य यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को अगर विकसित होना है, तो ऐसा निर्यात के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ा कर ही किया जा सकता है। पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार ने वर्तमान में बताई जा रही आर्थिक वृद्धि दर पर भी संदेह जताया। हाल में केंद्र सरकार ने बताया था कि इस वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाहियों में भारत ने 8 प्रतिशत से भी अधिक ऊंची वृद्धि दर हासिल की। सुब्रह्मण्यम ने इसे पूर्णतः रहस्यमय बताया। कहा- ईमानदारी के साथ मैं यही कहूंगा कि जीडीपी वृद्धि दर की इस संख्या को मैं समझ नहीं पाया। कहा कि यह संख्या मुद्रास्फीति की एक से डेढ़ फीसदी दर के आकलन पर आधारित है, जबकि वास्तविक मुद्रास्फीति दर तीन से पांच फीसदी के बीच रही है। एक प्रमुख अर्थशास्त्री का यह सार्वजनिक बयान उन आंकड़ों पर एक गंभीर सवाल है, जिनके आधार पर भारत में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और अगले 23 वर्षों में विकसित भारत बना देने का नैरेटिव बुना गया है। दरअसल, आर्थिक आंकड़ों की बात करें, तो ऐसी बहुत सी अन्य विसंगतियां सामने हैं। सचमुच यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आंकड़ों के साथ खिलवाड़ या हेरफेर जरिए ऐसी धारणाएं बनाई गई हैं, जिनका कोई वास्तविक आधार नहीं है। स्पष्टतः ऐसी धारणाओं के जरिए आबादी के एक हिस्से को कुछ समय तक के लिए भटकाए रखा जा सकता है, लेकिन उनके जरिए आम जन की बुनियादी समस्याओं को हल नहीं किया जा सकता। समाधान निकालने की पहली शर्त सच को स्वीकार करना है। कहा जा सकता है कि सुब्रह्मण्यम ने देश का सामना ऐसे ही सच से कराया है।

## अंबानी और गौतम अडानी, खरबपतियों का चंदा कहां?

कैसी हैरानी की बात है कि मोदी राज में सबसे ज्यादा धंधा खरबपतियों का बढ़ा। अडानी जगत सेठ हुआ। अंबानी कुबेरपति हुआ। पैसे से भारत की संस्कृति का ढिंढोरा करता है। इनके साथ टाटा, बिड़ला सहित टॉप के बीस खरबपति दिन-दुनी, रात-चौगुनी की रफ्तार से भारत के लोगों से पैसा कमाते हुए हैं लेकिन वे इलेक्टोरल बॉन्ड्स खरीददारों की लिस्ट से लगभग गायब। यों कुछ जानकार शेल याकि खोखा कंपनियों से बॉन्डस लेन-देन की बारीकी तलाश रहे हैं। लेकिन मोटा मोटी मोदी सरकार की इलेक्टोरल बॉन्ड योजना में जुआरियों, सटोरियों, काला बाजारियों और ठेकेदारों से ही चुनाव और राजनीति के नाम पर वसूली हुई दिखती है। तभी अपना सवाल है कि सरकारी प्रोजेक्टों और मुंबई, दिल्ली आदि महानगरों के ठेकेदारों, बिल्डरों की इलेक्टोरल बॉन्ड्स खरीदने-देने के साथ सौदेबाजी का यदि सीक्वेंस है तो भला विनिवेश, खान आवंटन से लेकर अंतरराष्ट्रीय सौदों, खरीद-फरोख्त के खरबपतियों के कारोबार की वसूली का क्या रूप है? जब चिंदीमार, खोखा कंपनियों को ईडी, सीबीआई, आईटी से लाइन हाजिर करा वसूली हुई है तो खरबपतियों के लेवल का चंदा कहां गया? क्या इस रीति-नीति पर चला गया कि छोटे कारोबारी भाजपा पार्टी के लिए और वैश्विक खरबपति किसी और काम के लिए? भला और क्या काम हो सकता है? आप ही अनुमान लगाएं। लुटियन दिल्ली में जितने मुंह उतनी बात है। मगर इतना तय है कि भारत के टॉप सौ अरबपतियों की कंपनियों में बिना इलेक्टोरल बॉन्ड्स के कई नाम निकल आएंगे। और फिर यदि इनकों नौ वर्षों में मिली सरकारी कंपनियों, विनिवेश, लाइसेंसों की पूरी सूची के साथ तुलना करें तो वह क्या आंख खोल देने वाली नहीं होगी?

# सरकारी पैसे के अपव्यय की किसे चिंता है

**अजय दीक्षित**

पिछले दिनों प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने अपने भाषण में कहा था कि पिछली सरकारों के दौरान सरकारी कोष के पैसे का दुरुपयोग होता रहा है । मोदी जी के सभी चुनावी भाषणों में और अन्यत्र भी वे कांग्रेस को भ्रष्टाचार, परिवादवाद और तुष्टिकरण की खदान कहते हैं । उनके निशाने पर सभी विपक्षी दल हैं, यद्यपि वे बीजू पटनायक को कुछ ज्यादा नहीं कहते, परन्तु उनकी यह तो दिली इच्छा होगी कि उड़ीसा में भी कमल खिले । तेलंगाना में जब भारत राष्ट्र समिति (पूर्व में तेलंगाना राष्ट्र समिति) केसी राव की सरकार थी तो मोदी जी के अनुसार वे एन.डी.ए. में शामिल होने के लिए मोदी जी से प्रार्थना कर रहे थे जिसे मोदी जी ने ठुकरा दिया । कहते हैं आन्ध्र में तेलुगू देशम फिर से एन.डी.ए. का हिस्सा हो रही है । परन्तु यह चन्द्रबाबू नायडू की मजबूरी होगी क्योंकि भ्रष्टाचार के मामले में वे जेल जा चुके हैं और वर्तमान में जमानत पर हैं परन्तु फिर से गिरफ्तारी का वारंट उनके सिर पर है । वर्तमान में वहां के मुख्यमंत्री अपनी कांग्रेस का विलय भी एन.डी.ए. में चाहते हैं । पिछले दिनों सरकारी विज्ञापन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी को फटकार लगाई थी कि आपके पास अपने कारनामें विज्ञापन में देने के लिए तो पैसे हैं परन्तु दिल्ली मेरठ रैपिड रेल के लिए अपने हिस्से का पैसा नहीं देते । आजकल हर टी.वी. चैनल पर सरकार की ओर से मोदी की गारंटी के विज्ञापन आ रहे हैं । कोई बसों में चूर्ण बेचने जैसा मोदी की गारंटी का पर्चा बांट रहा है जिसमें 5 साल तक मुफ्त राशन की सौगात है । एक छोटी बच्ची कहती है कि उसकी देखभाल उसकी मां करती है और उसकी मां की देखभाल मोदी जी करते हैं किसी को नल में जल देकर, किसी को गैस का सिलेण्डर देकर किसी को मुफ्त राशन देकर । एक साइकिल में जा रहा बुड्ढा कहता है कि अब तो मोदी की गारंटी पूरी होने की भी गारंटी है । ये विज्ञापन शुद्ध रूप से आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर है, परन्तु इनका खर्च पार्टी से न जाकर भारत सरकार के खाते से जा रहा है । पंजाब सरकार के भी खूब विज्ञापन आ रहे हैं । केजरीवाल तो विज्ञापन देने में माहिर हैं ही । उत्तराखण्ड सरकार का समान नागरिक संहिता का विज्ञापन सरकारी खर्च पर खूब आ रहा है । विपक्षी आरोप लगाते हैं कि सन् 2014 में मोदी जी दो जगह से खड़े हुये थे । दोनों जगहों से उनकी जीत सुनिश्चित थी । फिर वे गुजरात से क्यों खड़े हुए । वहां से त्यागपत्र देकर वाराणसी की सीट रखी कि मां गंगा और पशुपतिनाथ ने उन्हें बुलाया है । जय शिव शंकर जय मोदी जी ! आजकल जहां भी मोदी जी जाते हैं, वहां की परियोजनाओं का लोकार्पण करते हैं । उनकी सुरक्षा इंतजाम में एक अनुमान के अनुसार 10 करोड़ खर्च होता है । वे स्वयं ही इंटरनेट की बात करते हैं । डिजिटल इण्डिया की बात करते हैं, तो विपक्षी आरोप लगाते हैं कि क्यों कर वे स्वयं व्यक्तिगत उपस्थित होकर उद्घाटन या शिलान्यास करते हैं जबकि ऐसा वे डिजिटल भी कर सकते हैं । उनकी व्यक्तिगत उपस्थिति से सुरक्षा में भी 10 करोड़ खर्च होते हैं । अन्य व्यय अलग से हैं । परन्तु यह आरोप तथाकथित विपक्ष पर भी लगता है । कहते हैं कि राहुल गांधी जहां जाते हैं, वहां उन्हें मिली सुरक्षा के कारण उनकी सरकारी कार भी हवाई जहाज से जाती है । अभी खड़गे जी को जेड प्लस सुरक्षा दी गई है । लोकसभा सांसद या राज्य विधानसभा विधायक या मुख्यमंत्री या मंत्री या अन्य कोई जब भी अपनी पार्टी के प्रचार के लिए जाता है तो उसका उस दिन का वेतन, भत्ता, कटता नहीं है । भारत में किस चुनाव आयोग की हिम्मत है कि कहें कि जब ऐसे लोग अपनी पार्टी के प्रचार के लिए जाते हैं तो उसे दिन का वेतन भत्ता उन्हें नहीं दिया जाये । असल में सरकारी खजाने का बहुत बड़ा भाग तो वेतन भोगी कर्मचारी देते हैं क्योंकि उनके वेतन से ही इनकम टैक्स कट जाता है । शेष उद्योगपति या प्राइवेट नौकरी वाले मजे कर रहे हैं । विपक्ष का आरोप है कि बहुत बड़े-बड़े उद्योगपतियों के बैंक से लिए कर्ज माफ कर दिये गये हैं । उनकी व्यक्तिगत उपस्थिति से सुरक्षा में भी 10 करोड़ खर्च होते हैं । अन्य व्यय अलग से हैं । परन्तु यह आरोप तथाकथित विपक्ष पर भी लगता है । कहते हैं कि राहुल गांधी जहां जाते हैं, वहां उन्हें मिली सुरक्षा के कारण उनकी सरकारी कार भी हवाई जहाज से जाती है । अभी खड़गे जी को जेड प्लस सुरक्षा दी गई है । लोकसभा सांसद या राज्य विधानसभा विधायक या मुख्यमंत्री या मंत्री या अन्य कोई जब भी अपनी पार्टी के प्रचार के लिए जाता है तो उसका उस दिन का वेतन, भत्ता, कटता नहीं है । भारत में किस चुनाव आयोग की हिम्मत है कि कहें कि जब ऐसे लोग अपनी पार्टी के प्रचार के लिए जाते हैं तो उसे दिन का वेतन भत्ता उन्हें नहीं दिया जाये । असल में हम जब आज रामकाज की बात करते हैं तो वाल्मीकि रामायण में बहुत विस्तार से राम जी भरत को शासन करने की नीति समझाते हैं । मनु स्मृति व अन्य धर्म ग्रंथों, व संस्कृत की सार्वजनिक कृतियों में भी राजा के लक्षण बतलाये गये हैं । ये विज्ञापन शुद्ध रूप से आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर है, परन्तु इनका खर्च पार्टी से न जाकर भारत सरकार के खाते से जा रहा है । पंजाब सरकार के भी खूब विज्ञापन आ रहे हैं । केजरीवाल तो विज्ञापन देने में माहिर हैं ही । उत्तराखण्ड सरकार का समान नागरिक संहिता का विज्ञापन सरकारी खर्च पर खूब आ रहा है । विपक्षी आरोप लगाते हैं कि सन् 2014 में मोदी जी दो जगह से खड़े हुये थे । दोनों जगहों से उनकी जीत सुनिश्चित थी । भागवत महापुराण में इस पर बहुत विस्तार से चर्चा है । नीति तक आदि ग्रंथों में भी विस्तार से राजनीति समझाई गई है । अच्छा हो इन पर आचरण भी हो । यूं ताजा उदाहरण तो अटल जी का राजधर्म पर मोदी जी के लिए है । राजनीति धर्म के बिना अधूरी है । मोदी जी भी दृण-दृण संकल्पी हैं । वे निश्चय ही राजकोष के अपव्यय को रोककर राजधर्म पर विस्तार से चर्चा करेंगे ताकि पक्ष और विपक्ष सभी उस पर आचरण करें । क्योंकि अंततः देश बड़ा है-- व्यक्ति नहीं । अस्तु शुभस्तु ।

# न्यायिक व्यवस्था की सक्रियता व आम जनमानस

**किशन बुशैहरी**

यह देश के स्वायत्त संस्थानों के असंवेदनशील व्यवहार के प्रति देश की सर्वोच्च अदालत का असाधारण आदेश है। सर्वोच्च न्यायालय का यह आदेश लोकतांत्रिक व्यवस्था के अधीनस्थ संस्थाओं की निरंकुशता व असंवैधानिक कृत्यों पर रोक लगाने में कारगर साबित होगा देश व प्रदेश की न्यायिक व्यवस्था एक ऐसा संवैधानिक संस्थान है, जो देश के आम नागरिकों के लोकतान्त्रिक, सामाजिक एवं मानवीय अधिकारों के संरक्षक के रूप में कार्य करता है या इन सभी कारकों की रक्षा एवं सुरक्षा के प्रहरी के रूप में कार्य करता है। देश की लोकतान्त्रिक व्यवस्था स्वतंत्रता और समानता की पक्षधर है। सतही स्तर पर वर्तमान में देश व प्रदेश में जिन घटनाक्रमों का पटाक्षेप हो रहा है, उनकी विवेचना पर यह निष्कर्ष निकलता है कि वर्तमान राजनीति, राजनीतिज्ञ, प्रशासन एवं प्रशासनिक अधिकारी लोकतंत्र की इस मूल धारणा के विपरीत अराजकता, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, रिश्वतखोरी आदि अनुचित कार्यों में लिप्त हैं। इन कृत्यों पर अंकुश लगाने की दिशा में देश की न्यायिक व्यवस्था निरंतर प्रयासरत है। न्यायिक निर्णय, तर्क-वितर्क एवं तथ्यों की शुचिता पर आधारित होते हैं जिसके आधार पर ही माननीय न्यायाधीश अपने न्यायिक निर्णय का निर्धारण करते हैं। यह सर्वविदित है कि देश व प्रदेश के अधीनस्थ न्यायालयों में अधिकांश मुकदमें दो पक्षकारों के मध्य छोटे-छोटे झगड़ों, आपसी मतभेद या अहंकार, भूमि विवाद से सम्बन्धित होते हैं। इस प्रकार के मुकद्दमों को गुण-दोष के आधार पर निर्धारित तय समय सीमा में निर्णय होना चाहिए, जिससे आम जनमानस, साधारण न्याय प्राप्त करने में, मानसिक एवं आर्थिक रूप से अत्यधिक प्रताड़ित हो रहा है। अपने व्यक्तिगत विकास की गति में अवरोध



उत्पन्न कर रहा है। वर्तमान असमानता पूर्ण, भ्रष्टाचार युक्त व्यवस्था में, तथ्यों एवं तर्क -वितर्क को भी वादी-प्रतिवादी अपनी सुविधानुसार न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है जिसके परिणामस्वरूप उस न्यायिक निर्णय में न्याय-अन्याय के चरित्र में कोई भी भेद नहीं रह जाता है। कालांतर से ही यह सत्यापित है कि न्याय एवं मानव निर्मित कानून दीन एवं दुर्बल अपराधी को ही दंडित करता है, जबकि समर्थ व प्रभावी अपराधी अपने धन बल, छल एवं प्रभाव से सर्वथा दोष मुक्त रहता है। इससे यह प्रतीत होता है कि वर्तमान न्यायिक व्यवस्था में भी आम नागरिकों मुख्यतः निर्धन, दलित एवं महिला वर्ग के लिए न्याय प्राप्त करना एक कल्पित वस्तु है। अथक मेहनत और प्रयास से जो न्याय मिलता भी है, निश्चित रूप से थका देने वाला होता है। न्याय के सिद्धांत के संदर्भ में एक कहावत प्रचलित है कि न्याय प्राप्ति में विलम्ब भी पीड़ित पक्ष के साथ अन्याय ही माना जाता है। प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा प्रदेश पुलिस महा निदेशक एवं ज़िला कांगड़ा के व्यवसायी के मध्य विवाद की निष्पक्ष जांच के निष्पक्षता हेतु प्रदेश पुलिस महा निदेशक व ज़िला कांगड़ा के पुलिस अधीक्षक को उनके पद से विमुक्त करने का आदेश, प्रदेश उच्च न्यायालय का एक साहसिक एवं ऐतिहासिक निर्णय था। इसके उपरान्त के घटनाक्रम में प्रदेश पुलिस महा निदेशक द्वारा देश की सर्वोच्च अदालत में अपने पक्ष को प्रस्तुत करते हुए, इस निर्णय को लेकर स्थगन आदेश प्राप्त करना, देश व प्रदेश की न्यायिक व्यवस्था में याचककर्ता की सजगता व धन बल की प्रासंगिकता या उसके महत्व को इंगित करता है। अब प्रश्न न्याय-अन्याय का नहीं है, अपितु न्यायिक व्यवस्था में भी किस प्रकार से तत्परता के साथ अपने अधिकारों की सुरक्षा की जा सकती है, उसको प्रमाणित करता है। इसके विपरीत यक्ष प्रश्न यह भी है कि क्या देश का आम नागरिक जिसमें महिला, दलित, आर्थिक रूप से अक्षम व्यक्ति सम्मिलित हैं, इस प्रकार से त्वरित न्याय प्राप्ति की दिशा में ऐसा प्रयास कर, न्याय प्राप्त कर सकता है? इसका स्पष्ट सा उत्तर है, कदापि नहीं, क्योंकि जिस प्रकार देश व प्रदेश की न्यायिक व्यवस्था का वर्तमान चरित्र है, उस संदर्भ में माननीय उच्चतम न्यायालय की पीठ द्वारा देश की न्यायिक प्रक्रिया को सजा बताना, देश की वर्तमान न्यायिक प्रणाली की दशा को बयान करता है। देश का लचर न्यायिक ढांचा, देश व प्रदेश के न्यायालयों में लम्बित मुक़द्दमों का अत्यधिक दबाव एवं अधिवक्ताओं का आपसी गठजोड़, देश के न्यायालयों में विचाराधीन मुक़द्दमों के त्वरित निर्णय एवं समाधान में सबसे प्रमुख बाधा हैं। अपितु दोषमुक्त न्यायिक प्रक्रिया में न्यायिक मानकों एवं मापदंडों की पूर्ति में अप्रतिक्षित चुनौतियां एवं रुकावटें वादी-प्रतिवादी के समक्ष होती हैं। इन चुनौतियों के उपरान्त भी अनिर्णय व उचित समाधान न होने से, कोई भी मुक़द्दमा वादी-प्रतिवादी के लिए एक दिशाहीन लड़ाई के रूप में परिवर्तित हो जाता है, जोकि न्याय प्राप्ति के मूल मंतव्य के विपरीत है। केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के महापौर पद के चुनाव के दौरान सम्बन्धित पीठासीन अधिकारी द्वारा जिस प्रकार से लोकतान्त्रिक एवं संवैधानिक अधिकारों के विपरीत कार्य किया गया, इस संदेहास्पद स्थिति पर माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा संज्ञान लेने के उपरान्त त्वरित कार्यवाही करना देश की न्यायिक एवं लोकतान्त्रिक व्यवस्था के प्रति आम जनमानस की आस्था व दृष्टिकोण को सशक्त करता है,अन्यथा इस प्रकार के असंवैधानिक एवं अलोकतान्त्रिक कृत्यों में सम्मिलित नेताओं एवं अधिकारियों की निरंकुशता लोकतान्त्रिक व्यवस्था को ध्वस्त करने की दिशा में अग्रसर रहती है। इस प्रकरण से यह प्रमाणित होता है कि संवैधानिक संस्थाओं में प्रभावशाली व्यक्तियों के अविवेकी, असंतुलित, पूर्वाग्रह ग्रस्त निर्णय इन संस्थाओं के संवैधानिक एवं लोकतान्त्रिक आधारों की नींव को खंडित करने की दिशा में प्रयासरत रहते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी का चांदखेड़ी से हुआ विहार एवं विमलप्रभा मति माताजी संघ ने गुरु मां को दी मंगल विदाई



**चांदखेड़ी ( विश्व परिवार )।** भारत गौरव गणिनी आर्यिका रत्न 105 श्री स्वस्तिभूषण माताजी ससंघ विगत एक सप्ताह से चंद्रोदय तीर्थ चांदखेड़ी में विराजित रही। उनके सानिध्य में पूरे सप्ताह तीर्थ क्षेत्र पर कई धार्मिक अनुष्ठान हुए। पूरे नगर मे धार्मिक वातारण का उल्लास छाया हुआ था। गुरुवार की बेला मे माताजी के सानिध्य में अखंड भक्तामर पाठ के बाद भक्तामर विधान संपन्न हुआ। एवम् माताजी की आहारचर्या के पश्चात नंदीश्वर विधान हुआ। नगर के सभी श्रावक इसमें सम्मिलित हुए। गुरुवार को बड़े बाबा के दर्शन कर क्षेत्र पर पूर्व में विराजित आर्यिका 105 श्री विमलप्रभा माताजी ससंघ से मिलन के पश्चात माताजी ने नगर से विहार किया। सभी श्रावको ने नम आखों से माताजी को नगर से विदा किया। विहार मार्ग में सभी ने माताजी का पाद प्रक्षालन किया। माताजी का रात्रि विश्राम कवल्दा गांव में हुआ। शुक्रवार सुबह की आहारचर्या नगोनिया टोल नाके पर एवम् रात्रि विश्राम विनायक विद्यालय बाघेर में संभावित है। **-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

### फिरोजाबाद लोकसभा सीट से बसपा द्वारा सतेंद्र जैन सौली प्रत्याशी घोषित



**फिरोजाबाद ( विश्व परिवार )।** बहुजन समाज पार्टी द्वारा फिरोजाबाद लोक सभा सीट से बसपा के आगरा मंडल प्रभारी और समाजसेवी श्री सतेंद्र जैन सौली को फिरोजाबाद क्लब में आयोजित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव द्वारा प्रत्याशी घोषित किया गया। इस अवसर पर दिल्ली से विशेष रूप से आए विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय जैन ने सतेंद्र जैन को प्रत्याशी घोषित किए जाने पर बसपा प्रमुख और सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं और जैन समाज सहित सभी समाजों के प्रतिनिधियों से सतेंद्र जैन को अधिक से अधिक वोटों से जिताने की अपील की। इस अवसर पर दिल्ली से संगठन के उपाध्यक्ष श्री यश जैन, जयपुर शाखा अध्यक्ष श्री बाबू लाल जैन, प्रिया जैन निर्माण विहार, दिल्ली और फिरोजाबाद जैन समाज के गणमान्यों सहित संगठन के सैकड़ों सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर सतेंद्र जैन को शुभकामनाएं प्रेषित की और अधिक से अधिक वोटों से जिताने के लिए जैन समाज सहित समस्त समाजों से निवेदन किया। **-आकाश जैन**

### कलेक्टर, एसएसपी ने मध्याह्न भोजन का चखा स्वाद, आंगनबाड़ी केंद्र का भी किया निरीक्षण

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और एसएसपी श्री संतोष सिंह आज मंदिरहसौद के मातृ सदन उच्चतर माध्यमिक शाला में



निरीक्षण के दौरान पहुंचे तो उस समय मध्याह्न भोजन पकाया जा रहा था। उन्होंने रसोईयों से खाद्य सामाग्री की जानकारी लेते हुए पूछा- कौन सी सब्जी पका रहे है और कितने लोगों के लिए खाया बनाया जा रहा है। इस पर रसोईयों ने जानकारी दी। इसके बाद कलेक्टर डॉ. सिंह ने स्वयं उनके द्वारा बनाए गए भोजन को चखा। उनके साथ उपस्थित एसएसपी श्री संतोष सिंह और जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप ने मध्याह् भोजन खाया। कलेक्टर डॉ. सिंह बाहनाकाडी आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को खाद्य पदार्थ रखने की जानकारी लेते हुए सुरक्षित रखने के निर्देश दिए।

## कठिन सर्जरी और 35 दिनों की चिकित्सकीय निगरानी के बाद इंजीनियरिंग छात्र डिस्चार्ज

**प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थान के छात्र को एम्स में आत्महत्या के प्रयास के बाद एडमिट किया गया**

**आंतों और धमनियों के फट जाने की वजह से सर्जरी हुई कठिन, अधिक रक्तस्राव भी रहा चुनौती**

**ट्यूब के माध्यम से छात्र को राहत देने का प्रयास, दूसरे चरण में अब खाद्य सामग्री की ट्यूब हटेगी**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में खुद निर्मित घातक हथियार से आत्महत्या के प्रयास के बाद एडमिट किए गए रायपुर के प्रमुख इंजीनियरिंग कालेज के 19 वर्षीय छात्र को उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। कठिन सर्जरी प्रक्रिया और 35 दिनों तक चिकित्सकीय निगरानी में रहने के बाद छात्र को खतरे से बाहर होने पर डिस्चार्ज किया गया। अभी छात्र को खाना वाह्य ट्यूब के माध्यम से दिया जा रहा है। दूसरे प्रयास में चिकित्सक इसे हटाकर मुख से खाना देने का प्रयास करेंगे।

19 वर्षीय इस छात्र को एम्स रायपुर में 30 जनवरी 2024 को खुद के निर्मित एक घातक हथियार से आत्महत्या के प्रयास के बाद उपचार के लिए एडमिट किया गया था। छात्र ने मोटारनुमा हथियार तैयार कर खुद के पेट में गोली की तरह के छर्रे मारने का प्रयास किया था। इमरजेंसी में भर्ती होने तक छात्र होश में था परंतु चिकित्सकों के नियमित प्रयासों के बाद भी हृदय गति निरंतर बढ़ रही थी। इमरजेंसी के डॉ. शिवराज ने सर्जरी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राधाकृष्ण रामचंदानी के साथ डॉ. कृष्णा जांगिड, डॉ. टोखो और डॉ. एशरिया को इमरजेंसी में बुलाकर तुरंत ऑपरेशन करने का अनुरोध किया। सर्जरी टीम ने पाया कि छात्र द्वारा निर्मित हथियार की वजह से उसके पेट में दो गुणा दो सेमी और एक गुणा एक सेमी के दो छिद्र बन गए हैं। हथियार में प्रयुक्त धातु के छर्रे पेट के अंदर आंतों को भेदते हुए रीढ़ की हड्डी के पास जाकर फंस गए थे। रोगी की गंभीर स्थिति को देखते हुए सर्जरी की टीम ने तुरंत एक्सप्लोरेटरी लेप्रोटॉमी सर्जरी का निर्णय लिया।



डॉ. रामचंदानी के साथ डॉ. जीवन वर्मा, डॉ. विशाल मोहंती, डॉ. तेजा और नर्सिंग ऑफिसर्स अभी एवं मोती ने भी सहयोग दिया। ट्रामा एवं इमरजेंसी विभाग के एनेस्थिसिया विभाग की ओर से डॉ. चंदन डे के निर्देशन में डॉ. मुस्सविर और डॉ. प्रशांत टीम का हिस्सा थे। सर्जरी से पूर्व टीम का मानना था कि इस प्रकार की प्रक्रिया में काफी रक्तस्राव हो सकता है।

सर्जरी के दौरान ऐसा ही हुआ। चोट के कारण छात्र का दो लीटर से अधिक रक्त निकल चुका था जो पेट में एकत्रित था। सर्जरी टीम ने सर्जरी के तुरंत बाद समय पर रक्तस्राव करने वाली नस का उपचार प्रारंभ किया। छात्र का ब्लड प्रेशर निरंतर कम हो रहा था जो 40/18 तक पहुंच चुका था मगर सर्जन्स के प्रयास से इसे नियमित कर दिया गया।

दूसरे चरण में चिकित्सकों ने पेट के अंदर घायल अंगों को चिह्नित कर उनका उपचार किया। इस प्रकार के केस में मृत्युदर काफी अधिक होने और इंफेक्शन की काफी अधिक संभावना होने की वजह से चिकित्सकों की टीम सोच समझकर निर्णय ले रही थी। स्व निर्मित हथियार से आंतों और धमनियों के क्षतिग्रस्त होने की वजह से गैस्ट्रिक जूस, पित्त रस और एंजाइम सीधे पेट के अंदरूनी हिस्सों के संपर्क में आकर संक्रमण बढ़ा सकते थे। इसलिए अंदरूनी हिस्सों की चोट को देखते हुए नाक, मुख और पेट में कई ट्यूब के माध्यम से रोगी की स्थिति को स्थिर करने का प्रयास किया गया। ऑपरेशन के पांच दिन बाद तक रोगी को आईसीयू में डॉ. चिन्मय पंडा, डॉ. देवेंद्र, डॉ. बालजी, डॉ. स्नेहा, डॉ. ऋषिकेश, डॉ. अभिनव और डॉ. फैजल के निर्देशन में रखा गया।

डॉ. रामचंदानी ने बताया कि अब छात्र को विभिन्न खाद्य ट्यूब को हटाकर उसे मुख के माध्यम से नियमित खाना खाने के लिए उपचार प्रदान किया जाएगा। इस प्रकार के मामलों में मृत्युदर और इंफेक्शन काफी अधिक होने की संभावना हो सकती है परंतु चिकित्सकों के समन्वित प्रयासों से इस जोखिम को न्यूनतम कर दिया गया। कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (रिटा) ने छात्र के चिकित्सा प्रबंधन से जुड़े सभी चिकित्सकों और नर्सिंग स्टॉफ को इस चुनौतीपूर्ण सर्जरी के लिए बधाई दी है।

## दिव्यांगजनों के लिए रैंप का करें इंतजाम, बूथ को बनाएं सुविधाजनक : कलेक्टर डॉ. सिंह

**कलेक्टर और एसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह और एसएसपी श्री संतोष सिंह आज आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में आरंग अनुविभाग के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिरहसौद में स्थित मातृसदन उच्चतर माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला भवन बाहनाकाड़ी, प्राथमिक शाला भवन जुगेसर के मतदान केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था की जाएं कि मतदाताओं को परेशानी न हो, वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित हो। दिव्यांगजनों के लिए रैंप बनाया जाएं। जिससे उनको किसी प्रकार की परेशानी न हो। धूप से बचाव के लिए शेड और पीने के पानी व्यवस्था की जाएं। साथ ही मतदान केंद्रों में महिला और पुरूष के लिए पृथक शौचालय का इंतजाम किया जाएं। कलेक्टर और एसएसपी सभी बूथों वाले कक्षों के भीतर जाकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि प्रयास किया जाएं कि इन कक्षों में दो दरवाजे हो और जिसमें एक दरवाजे से भीतर जाकर मतदान करने के पश्चात दूसरे दरवाजे से बाहर निकल आएं। मतदान केंद्र तक पहुंचने का मार्ग अच्छी अवस्था में हो, ताकि मतदाता आसानी से पहुंच सके। एसएसपी ने कहा कि मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था अच्छी रखें। आवश्यकता पड़ने पर बैरिकेट्स की व्यवस्था करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, एसडीएम श्री पुष्पेंद्र शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## अन्तर्मना उवाच : मनुष्य असली स्वभाव छुपाकर रखता है और विभाव का प्रदर्शन करता है, इसलिए परेशान रहता है



**औरंगाबाद ( विश्व परिवार )।** मनुष्य असली स्वभाव छुपाकर रखता है और विभाव का प्रदर्शन करता है, इसलिए परेशान रहता है।

मनुष्य के पास स्वभाव जैसी कोई चीज नहीं बची है। मनुष्य जैसा स्वभाव बनाता है, वैसा उसका स्वभाव बन जाता है। मनुष्य-आज जैसा दिख रहा है वह वैसा है नहीं, यह पुराने संस्कारों का परिणाम है। इसलिए आप एक मनुष्य के हजार रूप देखते हैं क्योंकि वह स्वभाव में नहीं जी रहा है। मनुष्य-नौकर के सामने कुछ, दोस्तों के सामने कुछ, मन्दिर में कुछ, मण्डी में कुछ, बच्चों के सामने कुछ, बीवी के सामने कुछ, पड़ोसन के सामने कुछ। मेरे कहने का मतलब है-मनुष्य में स्वभाव जैसी कोई चीज नहीं और इन्सान जैसी इन्सानियत नहीं।

आपने कभी ध्यान दिया हो-कुत्ता का एक स्वभाव है, बिल्ली का एक स्वभाव है, गधे का एक स्वभाव है, शेर का एक स्वभाव है, लेकिन मनुष्य का? इसलिए जानवर पूरा पैदा होता है, आदमी आधा अधूरा पैदा होता है। मनुष्य जैसा चाहे वैसा बन सकता है, लेकिन उसकी आदत बन गई कि चेहरा मनुष्य का और चरित्र भेड़िया का। कभी आपने सुना किसी जानवर के लिए कि आदमी की मौत मरेगा-लेकिन आदमी के लिए आपने अनेक बार सुना होगा-तू कुत्ते की मौत मरेगा। यह तो जानवरों का सरासर अपमान है। आपने आदमी के मुख से सुना कि आज बिल्ली रास्ता काट गई-तो मेरा काम खराब हो गया। लेकिन आदमी ने बिल्ली का रास्ता काटा तो बिल्ली बच्चों सहित पूरे दिन भूखी मरी। स्वभाव का अर्थ है-प्रेम, सदभाव, मैत्री, करूणा और परोपकार। विभाव का अर्थ है-इनसे विपरीत जीवन जीना। धर्म स्वभाव में जीना सीखाता है और अधर्म विभाव में जीना सीखाता है। आप किसमें जी रहे हैं और किसमें जीना चाहते हैं।

**-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल**

## कलेक्टर ने गाड़ी रूकवाई और स्वयं देखी सड़क निर्माण की गुणवत्ता



**समय-सीमा के भीतर निर्माण पूरा करने दिए निर्देश**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** वाक्या ऐसा था जब कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह आज मंदिरहसौद से चंदखुरी चुनावी तैयारियों के संबंध में दौरा करने निकले थे। तभी उन्होंने चंदखुरी रोड में बनाई जा रही सड़क को देखकर अपना वाहन रूकवाया और श्रमिकों से जानकारी ली। उन्होंने सड़क बनाने वाले श्रमिक को बुलाकर निर्माणाधीन सड़क में राड डलवाकर सड़क की मोटाई का परीक्षण किया और उपयोग किए जाने वाले निर्माण सामग्री की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने बाहनाकाड़ी के निर्माणाधीन पुलिया को देखकर रूके और जानकारी ली और एजेंसी की जानकारी ली। कलेक्टर ने उक्त निर्माण स्थलों को समय-सीमा में और गुणवत्तापूर्वक बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसएसपी श्री संतोष सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप और आरंग एसडीएम श्री पुष्पेंद्र शर्मा उपस्थित थे।

## चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने राज्य जीएसटी आयुक्त रजत बंसल जी को सौंपा ज्ञापन

**इज ऑफ डुईंग बिजनेस के तहत जीएसटी सरलीकरण एवं युक्तियुक्तकरण हेतु सुझाव दिए : अमर पारवानी**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेंबर में इज ऑफ डुईंग बिजनेस के तहत जीएसटी सरलीकरण एवं युक्तियुक्तकरण के सम्बन्ध में बैठक रखी गई थी जहाँ व्यापारिक- औद्योगिक संगठनों एवं पदाधिकारियों से प्राप्त सुझावों को लेकर प्रदेश चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने श्री रजत बंसल जी, राज्य जीएसटी आयुक्त से मुलाकात कर जीएसटी सरलीकरण हेतु सुझाव के सम्बंध में ज्ञापन सौंपा।

चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी जी ने बताया कि आज प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के व्यापारियों में जीएसटी को लेकर आ रही कानूनी और तकनीकी परेशानियों के सम्बंध में तथा जीएसटी के सरलीकरण एवं युक्तियुक्त करण करने हेतु श्री रजत बंसल जी को ज्ञापन सौंपा। बैठक में व्यापारियों द्वारा प्राप्त जीएसटी से सम्बंधित परेशानियों एवं सुझावों को प्रमुख रूप से चेंबर ने सूचीबद्ध किया।

प्रमुख सुझाव निम्नानुसार है- विक्रेता पर ही कार्यवाही की जानी चाहिए. इनपुट टैक्स क्रेडिट जीएसटीआर 2बी के आधार मान्य होने. पूर्व माह का जीएसटीआर -3बी न जमा होने पर जीएसटीआर -1 जमा करने पर प्रतिबन्ध. नियम 21 जीएसटी पंजीकरण का निलंबन/निरस्तीकरण. ई-इनवॉइसिंग के 1 अक्टूबर 2022 से रु.10 करोड़ तक के टर्नओवर वाले व्यापारियों पर लागू किए गए प्रावधान वापस लेने बाबत. की ई-इनवॉइसिंग स्थिति में खरीददार को इनपुट अनिवार्य रूप से मिलना चाहिए. ई-वे बिल की वैधता अवधि में 50 प्रतिशत की कटौती. माल के परिवहन एवं ई-वे बिल सम्बंधित समस्याएं. छुटे हुए इनपुट टैक्स क्रेडिट लेन एवं वार्षिक विवरण पत्र में संशोधन किए जाने हेतु अवसर प्रदान करने बाबत. जीएसटी वार्षिक विवरण के सम्बंध में सुझाव. ब्याज, पेनाल्टी एवं विलंब शुल्क से छुट प्रदान करने हेतु. जीएसटी का रजिस्टेश्न सरेंडर करने बाबत. रिटर्न सम्बंधित अन्य समस्याएं. जीएसटी के प्रावधानों में सुधार हेतु अन्य सुझाव. व्यवसाय को राहत देने एवं इज आफ डुईंग हेतु सुझाव.

## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप विद्यापूर्ण की शपथ ग्रहण समारोह भव्यता पूर्वक सम्पन्न

**झांसी ( विश्व परिवार )।** रामराजा धाम ओरछा स्थित रमणीय स्थल पर दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप विद्यापूर्ण (मेन) झांसी का शपथ ग्रहण समारोह पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री प्रदीप जैन आदित्य जी के मुख्य आथित्य, नगर विधायक श्री रवि शर्मा जी एवं फैडरेशन के संयुक्त महासचिव श्री अंकित पाटनी जी के विशिष्ट आथित्य में संपन्न हुआ। आरंभ में दीप प्रज्वलन के पश्चात मंगलाचरण श्रीमती जूली एवं सुनीता जैन ने तथा स्वागत नृत्य की श्रीमती रश्मि जैन, डा अर्पिता एवं स्वाति जैन ने भावपूर्ण प्रस्तुति दी।




आगंतुक अतिथियों का स्वागत निशांत जैन, डा. सचिन बैद्यनाथ, विपुल जैन, डॉ संदीप जैन, आदि ने किया।

फेडरेशन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं संस्था के संस्थापक अध्यक्ष श्री आलोक रंजना जैन अपने स्वागत उद्बोधन में संस्था के विगत 14 वर्ष की उप्लवधियों से अवगत कराते हुए आगंतुकों का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष श्री आशीष प्रीति जैन ने अपने कार्यकाल का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर कार्यकाल के दौरान सहयोग करने वाले सदस्यों को सम्मानित भी किया।

ग्वालियर से पधारे फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री विकास गंगवाल ने कार्यकारिणी सदस्य के रूप में निशान्त पूजा जैन, सिद्धार्थ सोनम जैन, राजीव मालिनी जैन, सी के रश्मि जैन, सह सचिव के रूप में डॉ अध्यात्म डॉ अर्पिता जैन सह कोषाध्यक्ष के रूप में श्री विवेक स्वाति जैन, महिला प्रतिनिधि के रूप में श्रीमती सुनीता जैन शिवाजी उपाध्यक्ष के रूप मै श्री अतुल प्रियंका जैन, डॉ प्रदीप ज्योति जैन तथा अभिनंदन मोदी को अध्यक्ष, सनी जैन चैनू को सचिव, देवेश जैन (केडी) को कोषाध्यक्ष सहित अन्य नवीन पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों का बोध कराते हुए विशिष्ठ अंदाज में शपथ दिलाई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री प्रदीप आदित्य ने सोशल ग्रुप के राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे धार्मिक एवम सामाजिक कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की, विधायक रवि शर्मा जी ने जैन समाज की दया भावना से ओतप्रोत सामाजिक सेवाओं की मुक्तकंठ से सराहना की।

नव मनोनीत अध्यक्ष श्री अभिनन्दन मोदी ने पूर्व कार्यकारिणी के कार्यों की प्रसंशा करते हुए सदन को विश्वास दिलाया की ग्रुप द्वारा पूरे वर्ष सामाजिक, धार्मिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों के कैलेंडर तैयार कर निरंतर कार्यक्रम किये जायँगे।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश रीजन अध्यक्ष एंजी एच सी जैन, उत्तरांचल तीर्थ कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण जैन, अशोक जैन रत्न सेल्स, सीटीआई आर के जैन, ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष श्री अमीश सारिका जैन, मनीष कीर्ति जैन, ग्रुप के मुखपत्र के संपादक संजय जैन कर्नल, योगेश स्वीटी जैन, श्रीमती अनुभा जैन, श्रीमती निधि जैन, श्री अभिजीत सोनिया जैन, मयंक नेहा जैन, हेमंत ऋतु जैन, राजीव सुनीता जैन, आदिश जैन, सिद्धार्थ जैन sbi, सी ए दीपक जैन, सौरभ जैन, अमित जैन, सहित अनेकों दंपत्ति सदस्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन रूपम जैन देवेश जैन (केडी) ने संयुक्त रूप से किया, अंत में नव मनोनीत सचिव सनी जैन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## लगातार मिल रहे आर्डर के बीच अब होली के व्यंजन होम डिलीवरी के लिए तैयार हो रहे

**महाराष्ट्र मंडल के होली के व्यंजनों की जबरदस्त मांग, दो दिन बढ़ानी पड़ी अंतिम तिथि, अब 22 तक ऑर्डर स्वीकार**

**दिव्यांग बालिका विकास गृह के सहायतार्थ उपलब्ध कराया जाता है व्यंजन**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महाराष्ट्र मंडल के दिव्यांग बालिका विकास गृह के सहायतार्थ मेस में बनाए गए होली के व्यंजनों की मांग अब चरम पर है। मंडल के व्यंजनों और भोजन में स्वच्छता, गुणवत्ता और स्वाद पर भरोसा करने वाले लोग होली को लेकर लगातार अपने ऑर्डर बुक कर रहे हैं। बुधवार की शाम को ऑर्डर बुकिंग का समय समाप्त होना था लेकिन आजीवन सभासदों के अलावा गैर मराठी भाषियों के दबाव की वजह से अब होली के व्यंजनों के ऑर्डर की अंतिम तिथि दो दिन बढ़ाकर 22 मार्च की गई है।

मेस प्रभारी दीपक रघुनाथ किरवईवाले के अनुसार शुक्रवार की शाम 7:00 बजे तक होली के व्यंजनों- मराठी चिवड़ा, भुजिया (करंजी), बेसन लड्डू, चकली, शक्करपारा और सलोनी के ऑर्डर बुक किए जा सकते हैं। समस्त ऑर्डर घर पहुंच सेवा के साथ स्वीकार किए जा रहे हैं। ऐसे लोग जो स्वयं चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल भवन में आकर अपने आर्डर की डिलीवरी लेना चाहते हैं, उन्हें यह सुविधा पहले की तरह ही उपलब्ध कराई जाएगी।

## व्यापार समाचार

### ब्रिटिश सुरक्षा परिषद ने अदाणी विझिंजम पोर्ट को प्रदान किया अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार

**तिरुवनंतपुरम( एजेंसी )।** श्रमिकों और कार्यस्थलों को स्वस्थ व सुरक्षित रखने की प्रतिबद्धता के लिए अदाणी विझिंजम पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (एवीपीपीएल) को ब्रिटिश सुरक्षा परिषद से 2023 के लिए अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किया गया है। एवीपीपीएल अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार 2024 में विशिष्टता पुरस्कार हासिल करने वाले दुनिया भर के 269 संगठनों में से एक है। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (एपीएसईज़ेड) के सीईओ अश्वनी गुप्ता ने कहा,यह उपलब्धि उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह हमारी पूरी टीम के समर्पण और कड़ी मेहनत का परिणाम है। एपीएसईज़ेड, अदाणी समूह का एक हिस्सा है। यह अपने बंदरगाह गेट से ग्राहक गेट तक एंड-टू-एंड सुविधा प्रदान करता है। ब्रिटिश सुरक्षा परिषद के मुख्य कार्यकारी माइक रॉबिन्सन ने इस उपलब्धि के लिए अदाणी विझिंजम पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड को बधाई देते हुए कहा कि वहां काम करने वाले सभी लोगों को इस उपलब्धि पर गर्व होना चाहिए। एपीएसईज़ेड पश्चिमी व पूर्वी तट पर स्थित सात-सात बंदरगाहों और टर्मिनलों के साथ भारत में सबसे बड़ा बंदरगाह डेवलपर और ऑपरेटर है। कंपनी कोलंबो, श्रीलंका में एक ट्रांसशिपमेंट पोर्ट भी विकसित कर रही है और इज़राइल में हाइफ़ा पोर्ट का संचालन करती है।

### ईस्पोर्ट्स, गेम डेवलपमेंट में अधिक अवसरों की संभावना : सीआईआई

**पुणे( एजेंसी )।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे समय में जब देश का गेमिंग क्षेत्र उल्लेखनीय छलाँग के लिए तैयार है, ईस्पोर्ट्स और गेम डेवलपमेंट उद्योग में अधिक नौकरियाँ पैदा की जा सकती हैं। पुणे में हाल ही में संपन्न इंडिया गेमिंग शो में सीआईआई के अध्यक्ष आर. दिनेश ने कहा, भारत में बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में नए रास्ते बनाने की अपार क्षमता है, जिससे ईस्पोर्ट्स और गेम डेवलपमेंट में अधिक नौकरियों के सृजन का रास्ता खुलेगा। दिनेश ने आने वाले वर्षों में तेजी से विकास का अनुमान लगाते हुए इस उभरते क्षेत्र के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों मोर्चों पर इनकी बढ़ती प्रमुखता पर जोर देते हुए वीडियो गेम और ईस्पोर्ट्स क्षेत्र की परिवर्तनकारी यात्रा को रेखांकित किया। इंडिया गेमिंग शो के छठे संस्करण में 10 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 70 से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लिया, जिसमें इंडोनेशिया ने अतिथि देश के रूप में शुरुआत की। वर्तमान में एक प्रतिशत से कम की बाजार हिस्सेदारी के साथ, देश के गेमिंग क्षेत्र में विस्तार की अपार संभावनाएँ हैं, जो पीसी, मोबाइल और कंसोल गेमिंग में प्रचलित रुझानों से प्रेरित है। दिनेश ने कहा कि भारत के पास विशेष रूप से निर्मित खेलों के विकास का नेतृत्व करने का अनूठा अवसर है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि वैश्विक और घरेलू दोनों उत्पादों को वैश्विक पहचान मिले। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि उभरते क्षेत्र को एक जिम्मेदार नीतिगत ढाँचे की आवश्यकता है। उन्होंने जनता को शिक्षित करने और नैतिक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जिम्मेदार गेमिंग प्रथाओं के सामाजिककरण के महत्व पर जोर दिया। बनर्जी ने उपलब्ध प्रतिभा के पूल को बढ़ाने और जनसांख्यिकी में उल्लेखनीय सुधार के लिए उद्योग में नवाचार और कौशल विकास के महत्व पर भी प्रकाश डाला, जिससे क्षेत्र में महिलाओं की संख्या में 49 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### कोटक ने किया 'सेहत का सफ़र' का आयोजन - ट्रक ड्राइवरों के लिए एक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य जाँच अभियान

**मुंबई ( एजेंसी )।** कोटक महिंद्रा बैंक (केएमबीएल / कोटक) ने 'सेहत का सफ़र' का दूसरा संस्करण लॉन-?च किया है। यह देश भर में ट्रक ड्राइवरों की शारीरिक तंदुरुस्ती को प्राथमिकता देने के लिए एक कोटक कर्म पहल है। इस पहल के अंतर्गत, कोटक कॉम-?प-?लीमेंटरी स्वास्थ्य जाँच शिविरों का आयोजन करने जा रहा है, जिन्हें विशेष रूप से ट्रक ड्राइवरों के महत्वपूर्ण कार्यबल के लिए तैयार किया गया है। इन शिविरों में नि:शुल्क चिकित्सीय परामर्श दिया जाएगा। साथ ही, 'सेहत का सफ़र' के माध्यम से देश भर में लगभग 3,000 ट्रक ड्राइवरों की सेहत और तंदुरुस्ती सम्बंधित ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग तरह की जाँच की जायेगी। इसमें आँखों की जाँच, शारीरिक मुद्रा के मूल्यांकन के लिए फिजियोथेरेपिस्ट/ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञों द्वारा आंकलन, मुँह के कैंसर की शुरुआती जाँच के लिए दाँतों की जाँच, और सामान्य स्वास्थ्य के लिए ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर आदि की जाँच की जायेगी। नि:शुल्क दवायें देने के साथ-साथ कोटक सरकारी कल्याण योजनाओं पर जागरूकता सत्र का संचालन भी करेगा, जिसका उद्देश्य ड्राइवरों की तंदुरुस्ती में सुधार करना है। कोटक महिंद्रा बैंक के प्रेसिडेंट-लॉजिस्टिक्स और इंफ्रास्ट्रक्चर, अमित मोहन ने कहा कि, अक्सर गुमनाम रहने वाले ट्रक ड्राईवर हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जो अथक रूप से देश भर में वस्तुओं का परिवहन करते हैं।दुर्भाग्य से, उनकी व्यस्त समय-सारणी के कारण उन्हें अपनी खुद की सेहत को प्राथमिकता देने के लिए उनके पास बहुत कम समय बचता है।

### शेयर बाजारों में सुबह के कारोबार में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय शेयर बाजारों में बुधवार को सुबह के कारोबार में उतार-चढ़ाव रहा। हरे निशान में खुलने के बाद सेंसेक्स एक समय 337.63 अंक यानि 0.47 प्रतिशत टूटकर 71.674.42 अंक तक तक लुढ़क गया था। हालाँकि बाद में वापसी करते हुए 124.73 अंक की तेजी के साथ 72,136.78 अंक पर पहुँच गया। निफ्टी भी 107.25 अंक टूटकर एक समय 21,710.20 अंक तक उतर गया था। लेकिन दोपहर होते-होते यह 39.50 अंक की बढ़त से साथ 21,852.80 अंक तक चढ़ गया। निफ्टी50 में एशर मोटर के शेयर चार प्रतिशत और मारुति सुजुकी के तीन प्रतिशत की बढ़त में थे।



# भारतीय एमेच्योर टीम 44वें क्वीन सिरिकिट कप में प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** विधात्री उर्स, ज़ारा आनंद और हीना कांग की भारतीय एमेच्योर गोल्फ खिलाड़ियों की तिकड़ी बुधवार से शुरू होने वाले क्वीन सिरिकिट कप के लिए न्यूजीलैंड, क्राइस्टचर्च में क्लियरवॉटर गोल्फ क्लब में धूम मचाने के लिए पूरी तरह तैयार है। तीन महिला एमेच्योर को भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) द्वारा उनके प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के वार्षिक कैलेंडर के हिस्से के रूप में भेजा गया है, जिसे भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा वित्त पोषित किया जाता है। आईजीयू ने इस आयोजन के लिए सुनीता कटारिया को टीम मैनेजर नियुक्त किया है। दिलचस्प बात यह है कि अवनि प्रशांत, विधात्री और निश्ना पटेल की भारतीय एमेच्योर टीम पिछले साल मनीला में प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अभूतपूर्व उपविजेता रही थी। इसके अलावा, अवनि ने व्यक्तिगत खिताब जीत कर 43 साल का इंतजार खत्म किया था। ज़ारा, जो पिछले साल दिल्ली गोल्फ क्लब में राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश की रजत पदक विजेता टीम का हिस्सा थी, न्यूजीलैंड में इस आयोजन के 44वें संस्करण में अपनी पहली उपस्थिति के लिए उत्साहित है। क्राइस्टचर्च में प्रैक्टिस के दौरान ज़ारा ने कहा, मैं पहली बार क्वीन सिरिकिट कप में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। भारतीय टीम पिछले साल उपविजेता रही थी जिससे मुझे काफी आत्मविश्वास मिला है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि हमारी टीम न्यूजीलैंड में यादगार प्रदर्शन करेगी। जारा हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर टूर्नामेंट के छठे चरण में भारत के सबसे कठिन कोर्स ङ्क डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब, गुरुग्राम में पिछले हफ्ते छठे स्थान पर रही, जिसमें विधात्री ने शीर्ष-5 में जगह बनाई, जिससे यह जोड़ी अच्छी स्थिति में रहेगी। ज़ारा स्थानीय समयानुसार सुबह 8:30 बजे इंडोनेशिया की सानिया तलिता वाहुदी और जापान की आइना फुजीमोटो के साथ खेल की शुरुआत करेंगी।

## आईटीटीएफ रैंकिंग में सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय बने शरत कमल

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल ने हाल ही में सिंगापुर स्मैश में शानदार प्रदर्शन के बाद नई अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) रैंकिंग में लंबी छलांग के साथ भारत का नंबर 1 स्थान हासिल किया। सिंगापुर स्मैश में शरत ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। हालांकि, क्वार्टर फाइनल में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। क्वालीफायर के रूप में प्रतियोगिता शुरू करने के बावजूद, 41 वर्षीय शरत विश्व नंबर 13 डार्को जोर्जिक और 22 उमर असार को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे।



मौजूदा राष्ट्रमंडल खेलों के पुरुष एकल स्वर्ण पदक विजेता ने पुरुष एकल रैंकिंग में 88वें स्थान से 34वें स्थान तक का सफर तय किया। हरमीत देसाई (65वें) और मानव ठक्कर (74वें) शीर्ष 100 में दो अन्य भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं। महिला एकल में, मनिका बत्रा सर्वोच्च रैंक वाली भारतीय पैडलर के रूप में शीर्ष स्थान पर बनी हुई हैं। उन्होंने सूची में दो स्थान नीचे 38वें स्थान पर खिसकने के मामूली झटके के बावजूद अपनी स्थिति बरकरार रखी है। इस बीच, श्रीजा अकुला के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें तीन पायदान आगे 47वें स्थान तक पहुंचा दिया जिससे अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस क्षेत्र में भारत की ताकत और मजबूत हो गई है। नई रैंकिंग में यशस्विनी घोरपड़े को विश्व में 100वां स्थान दिया गया है।

## मुंबई इंडियंस को तगड़ा झटका, सूर्यकुमार यादव आईपीएल में फिटनेस टेस्ट में फेल

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारत और मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 संस्करण के शुरुआती मैचों में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि वह फिटनेस टेस्ट पास करने में असफल रहे और उन्हें बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से मंजूरी नहीं मिली। एनसीए में सूर्यकुमार यादव के मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया, वह मंगलवार को फिटनेस टेस्ट पास करने में असफल रहे। हम गुरुवार को उसके लिए एक और फिटनेस टेस्ट करेंगे और अगर वह पास हो जाता है, तभी वह आईपीएल में खेल सकता है। मुंबई इंडियंस अपना पहला मैच




24 मार्च को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलेगी और सूर्यकुमार के उस मैच में शामिल होने की संभावना नहीं है। 33 वर्षीय सूर्यकुमार दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान टखने की चोट के बाद से एक्शन से बाहर हैं। मुंबई इंडियंस का बल्लेबाज जनवरी में सर्जरी के लिए जर्मनी के म्यूनिख गया था। सोमवार को मुंबई में आयोजित मुंबई इंडियंस की प्री-सीजन प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य कोच मार्क बाउचर ने कहा कि उन्हें अभी भी भारतीय टीम प्रबंधन से सूर्यकुमार यादव की फिटनेस पर अपडेट का इंतजार है। तो, सूर्या इस समय भारतीय क्रिकेट टीम के मार्गदर्शन में भी हैं। इसलिए हम बस उस पर अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। मुझे सूक्ष्म प्रबंधन पसंद नहीं है। हमारे पास एक विश्व स्तरीय मेडिकल टीम है वह उन सभी पर नियंत्रण रखता है। हां, अतीत में हम कुछ फिटनेस मुद्दों से बाधित रहे हैं।

## जोमैटो ने वेजिटेरियन्स के लिए लॉन्च किया प्योर वेज फ्लीट और प्योर वेज मोड

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** जोमैटो के को-फाउंडर और सीईओ दीपिंदर गोयल ने प्योर वेज ग्राहकों का ख्याल रखते हुए अपने प्लेटफॉर्म पर 'प्योर वेज फ्लीट' और 'प्योर वेज मोड' को शामिल किया है, जिससे कस्टमर्स को ऐसे रेस्टोरेंट ढूढ़ने में आसानी होगी, जो केवल शाकाहारी भोजन परोसते हैं। उन्होंने कहा कि ये प्योर वेज मोड और प्योर वेज फ्लीट किसी धर्म या राजनीति पार्टी विशेष के लिए लॉन्च नहीं किया गया है। 'प्योर वेज मोड' में ऐसे रेस्तरां शामिल होंगे जो केवल शाकाहारी भोजन परोसते हैं और मांसाहारी आइटम परोसने वाले सभी रेस्तरांओं को बाहर कर दिया जाएगा। गोयल ने एक्स




पर एक पोस्ट में कहा, भारत में शाकाहारी लोगों का प्रतिशत सबसे बड़ा है, और हमें उनसे जो सबसे महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया मिली है, वह यह है कि वे इस बात पर बहुत खास ध्यान देते हैं कि उनका भोजन कैसे पकाया जाता है । 'प्योर वेज फ्लीट' केवल शुद्ध शाकाहारी रेस्तरां के ऑर्डर ही परोसेगा। गोयल ने कहा, इसका मतलब यह है कि नॉन-वेज भोजन या नॉन-वेज रेस्तरां द्वारा परोसा गया शाकाहारी भोजन, हमारे 'प्योर वेज फ्लीट' के लिए बने हरे डिलीवरी बॉक्स के अंदर कभी नहीं जाएगा। कंपनी भविष्य में ग्राहकों की विशेष जरूरतें पूरी करने के लिए और अधिक विशिष्ट चीजें लाने की योजना बना रही है। जोमैटो ने बताया कि कंपनी आने वाले समय में हाइड्रोलिक बैलेंसर्स के साथ एक विशेष केक डिलीवरी लेकर आ रही है, जो केक को खराब होने से बचाता है। अगले कुछ हफ्तों में यह सुविधा पूरे देश में चरणबद्ध तरीके से लागू हो जाएगी। फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म ने चालू वित्तवर्ष की तीसरी तिमाही में 125 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया, जिसमें पिछले साल की समान तिमाही की तुलना में 390 करोड़ रुपये का सुधार है। वित्तवर्ष 24 की तीसरी तिमाही में इसका समेकित समायोजित राजस्व साल-दर-साल 53 प्रतिशत बढ़कर 3,609 करोड़ रुपये हो गया।

## स्टार्टअप के लिए उच्चतम बाजार पूँजीकरण से अधिक महत्वपूर्ण है सुशासन : उद्योग जगत

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** बायजूज जैसी कुछ भारतीय डिजिटल कंपनियाँ, जिनकी वैल्यूएशन एक समय 22 अरब डॉलर थी, कॉरपोरेट गवर्नेंस के मुद्दों में उलझ गई हैं। उद्योग के शीर्ष नेताओं का कहना है कि उच्चतम बाजार पूँजकरण पर पहुँचने की तुलना में ईमानदारी और सुशासन के साथ एक साफ-सुथरी कंपनी चलाना अधिक महत्वपूर्ण है। अनुभवी निवेशक और इन्फो एज के संस्थापक संजीव बिखचंदानी ने फिनटेक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी क्रेड के संस्थापक कुणाल शाह के साथ बातचीत में कहा कि कंपनी के नेतृत्वकर्ता की भूमिका स्टॉक बेचने की नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करने की है कि जब कोई और अपना स्टॉक बेचना चाहता है, तो पर्याप्त खरीदार हों। उन्होंने सीआरईडी क्यूरियस के नवीनतम एपिसोड में शाह से कहा, एक नेता को सभी शेयरधारकों के लिए कंपनी बनाने की ज़रूरत होती है, और यह सुनिश्चित करना होता है कि हर कोई अमीर हो, न कि केवल खुद। शाह ने कहा कि संस्थापकों को सह-संस्थापकों, सहकर्मियों और शेयरधारकों से बात कर विश्वास बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, विश्वास के सिद्धांत सत्यनिष्ठा, निरंतरता, सक्षमता, परोपकार हैं; सभी की मौजूदगी विश्वास की गारंटी नहीं देती, लेकिन किसी की अनुपस्थिति अविश्वास पैदा करती है। उनके मुताबिक, एक व्यक्ति की गलती पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर असर डालती है। उद्योग के दिग्गजों ने तर्क दिया, 10 वर्षों में कई अधिक लाभदायक और बड़ी भारतीय इंटरनेट कंपनियाँ होंगी। हम सभी पारिस्थितिकी तंत्र के भागीदार हैं और क्षमता, निर्णय, व्यवहार की हर त्रुटि हम सभी को प्रभावित करती है। ईमानदार कार्यप्रणाली और सुशासन के साथ एक साफ-सुथरी कंपनी चलाना उच्चतम बाजार पूँजीकरण से भी अधिक महत्वपूर्ण है। भीकचंदानी ने संस्थापकों को कंपनी को केवल तभी सार्वजनिक करने की सलाह दी जब मुनाफा इसका समर्थन करने के लिए पर्याप्त हों।

## एसबीआई कार्ड और टाइटन ने मिलकर 'टाइटन एसबीआई कार्ड' लॉन्च किया

**मुंबई ( एजेंसी )।** एसबीआई कार्ड, भारत के सबसे बड़े प्योर-प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता, ने टाइटन कंपनी लिमिटेड, आभूषण, घड़ियों, चश्मे और एथनिक वियर की श्रेणियों में अग्रणी खिलाड़ी, के साथ पार्टनरशिप में आज टाइटन एसबीआई कार्ड लॉन्च किया है। अपनी तरह का अनोखा शॉपिंग क्रेडिट कार्ड कंज़्यूमर्स की आकांक्षात्मक खर्च की ज़रूरतें पूरी करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। टाइटन एसबीआई कार्ड विभिन्न जीवनशैली श्रेणियों में खर्च पर त्वरित लाभ प्रदान करता है। कैशबैक, टाइटन गिफ़्ट वाउचर और रिवॉर्ड पॉइंट जैसी सुविधाओं के साथ, कार्डहोल्डर सालाना 2,00,000 रुपए से ज़्यादा के ख़ास फ़ायदे ले सकते हैं। कोई भी व्यक्ति एसबीआई कार्ड वेबसाइट (https://www.sbicard.com/) या टाइटन स्टोर्स पर जाकर एसबीआई कार्ड स्प्रिंट के माध्यम से पूरी तरह से डिजिटल तरीके से कार्ड के लिए नामांकन कर सकता है। टाइटन एसबीआई कार्ड, एक इंडस्ट्री-फ़र्स्ट को-ब्रैंड कार्ड है, जो आभूषण, घड़ियों और आईवियर जैसी हाई वैल्यू ख़र्च श्रेणियों पर सोच-समझकर क्यूरेटेड फ़ायदे देता है। यह कार्ड घड़ियों की श्रेणी में टाइटन पर 7.5त्न कैशबैक देता है; महिलाओं की एथनिक वियर श्रेणी में तनीरा; आईवियर श्रेणी में टाइटन आईप्लस; और अन्य गैर-आभूषण टाइटन ब्रैंड। आभूषण क्षेत्र में अपनी तरह का पहला कार्ड यह करता है कि आभूषण खरीदारी कस्टमर के लिए एक रोमांचक और समान रूप से फ़ायदेमंद मामला बन जाए। कार्डहोल्डर अपने ऑफ़लाइन और ऑनलाइन स्टोर पर मिया, कैरेटलेन और ज़ोया से टाइटन एसबीआई कार्ड का इस्तेमाल करके खरीदारी करने पर 5त्न कैशबैक के पात्र हैं। इसके अलावा, तनिष्क से खरीदारी करने पर, उन्हें खर्च के 3त्न मूल्य के टाइटन गिफ़्ट वाउचर मिलते हैं। इस लॉन्च पर बोलते हुए, एसबीआई कार्ड के एमडी और सीईओ श्री अभिजीत चक्रवर्ती ने कहा, आकांक्षी जीवनशैली और उत्पादों के प्रति भारतीय कंज़्यूमर का रुझान बढ़ रहा है। हमें टाइटन एसबीआई कार्ड पेश करते हुए खुशी हो रही है, जो एक विशेष क्रेडिट कार्ड है और हमारे कस्टमर की जीवनशैली के लिए खर्च करने की ज़रूरतों को पूरा करता है। यह लॉन्च हमारे लिए बहुत अहम है क्योंकि यह प्रीमियम रिटेल कैटेगरी की दिग्गज कंपनी टाइटन के साथ हमारी पार्टनरशिप की शुरुआत के बारे में भी बात करता है।

## एसएआईसी मोटर एवं जेएसडब्लू ग्रुप ने ऑटोमोटिव ज्वाईंट वेंचर 'जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड' का गठन कर इसके व्यावसायिक रोडमैप की घोषणा की

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** 110 अमेरिकी डॉलर के वार्षिक राजस्व और 100 देशों में अपनी पहुँच के साथ ग्लोबल फॉर्च्यून 500 कंपनी, एसएआईसी मोटर और बी2बी एवं बी2सी सेक्टर में काम करने वाले भारत के अग्रणी समूह, जेएसडब्लू ग्रुप के बीच नया रणनीतिक ज्वाईंट वेंचर - जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया) का गठन हुआ है। इस ज्वाईंट वेंचर के व्यावसायिक रोडमैप की घोषणा के साथ देश में मोबिलिटी का एक नया युग शुरू हो गया है। यह नया ज्वाईंट वेंचर तेजी से बढ़ रहे भारतीय ऑटोमोटिव सेक्टर में विकसित होते हुए अवसरों का लाभ उठाएगा। जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया अपने व्यावसायिक संचालन में सर्वश्रेष्ठ इनोवेशन लाने, विश्वस्तरीय टेक्नोलॉजी यहाँ पर पेश करने, मैनुफैक्चरिंग के परिदृश्य को मजबूत बनाने पर और रोजगार के महत्वपूर्ण अवसरों का निर्माण करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। साथ ही यह ज्वाईंट वेंचर ग्राहकों पर केंद्रित रहते हुए स्मार्ट और सस्टेनेबल उत्पाद भी पेश करेगा। कंपनी का व्यावसायिक रोडमैप देश में लोकलाईज़ेशन बढ़ाने और एक मजबूत ऑटोमोटिव परिवेश का विकास करने पर केंद्रित है। यह ज्वाईंट वेंचर एसएआईसी मोटर के ऑटोमोटिव अनुभव और तकनीकी विशेषज्ञता के साथ भारत में जेएसडब्लू के गहरे मैनुफैक्चरिंग ज्ञान एवं विशेषज्ञता की शक्ति पेश कर रहा है। जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया जेएसडब्लू ग्रुप के परिवेश में तालमेल की मदद से काम करेगा। इसका उद्देश्य आधुनिक और भविष्य की टेक्नोलॉजी, नए युग के मोबिलिटी समाधान पेश करना है। साथ ही, एक मजबूत सप्लाई चेन स्थापित करके स्थानीय सोर्सिंग को भी बढ़ाया जाएगा। जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया का उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहन के एक स्मार्ट व सस्टेनेबल परिवेश का निर्माण करना है।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, शुक्रवार 22 मार्च 2024

## व्यय प्रेक्षक ने बस्तर पहुंचकर निर्वाचन व्यय लेखा मॉनिटरिंग दलों की ली बैठक

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए भारतीय राजस्व सेवा के 2009 बैच के अधिकारी आशुतोष प्रधान को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। व्यय प्रेक्षक आशुतोष प्रधान ने बस्तर लोकसभा क्षेत्र पहुंचकर आज जगदलपुर में निर्वाचन व्यय लेखा मॉनिटरिंग दलों की बैठक ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अंतरराज्यीय सीमाओं में विशेष चौकसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बस्तर जिला पंचायत कार्यालय में स्थापित निर्वाचन व्यय लेखा सेल, विभिन्न निगरानी टीमों तथा मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के मीडिया सेंटर का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



# आदिनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में सिद्धचक्र विधान में किए 256 अर्घ्य समर्पित

## केवल मनुष्य में ही क्षमता है पत्थरो और स्वयं को भगवान बनाने की: ब्रह्मचारी विजय भईया गुणायतन




**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन बड़े मंदिर में चल रहे श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान के पांचवे दिन गुरुवार को सकल जैन श्रद्धालुओं ने कुल 256 अर्घ्य चढ़ाए। ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन नायक ने बताया की आज सबसे पहले सौधर्म इंद्र आदि ने श्री 1008 आदिनाथ भगवान, मुनि सुव्रत नाथ भगवान एवं पुष्पदंत नाथ भगवान को पांडुकशीला पर विराजमान किया। इसके बाद विधानाचार्य ब्रह्मचारी विजय भईया गुणायतन वालों ने पहले मंगलाष्टक का पाठ किया। इसके बाद जल की शुद्धि कराई और चारों कोनो पर चार कलश की स्थापना कराई। सभी इंद्र-इंद्राणियों एवं धर्म प्रेमी बंधुओ ने प्राशुक जल से शुद्धि कराई और इन्द्रों ने माथे पे तिलक लगाया। फिर प्राशुक जल से सभी ने श्रीजी का अभिषेक स्वर्ण कलशों से किया। इसके बाद आज चमत्कारिक रिद्धि सिद्धि सुख शांति प्रदात कुल 6 शांति धारा की गई जिसका वाचन ब्रह्मचारी विजय भईया गुणायतन द्वारा किया गया आज की शांति धारा करने का सौभाग्य अमरचंद यशवंत जैन, मनोज जैन महेंद्र कुमार जैन सनत कुमार रोमिल जैन अर्पित जैन चूड़ी वाला परिवार, शैलेंद्र अक्षत जैन जैन हैंडलूम एवं पवन कुमार प्रणीत कुमार जैन को प्राप्त हुआ तत्पश्चात आरती एवं दैनिक पूजा शरू की गई, जिसके अंतर्गत, नंदीश्वर दीप, देवशास्त्र गुरु और अन्य पूजा की गई। आज के श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान मंत्रोचार के साथ ब्रह्मचारी विजय भईया के मार्गदर्शन में कुल 256 अर्घ्य चढ़ाए गए साथ ही लता जैन निलेश जैन ओमकार म्यूजिकल ग्रुप सागर के द्वारा मंत्रमुध संगीत का आयोजन भी किया जा रहा है जिनकी धार्मिक भजन गीतों पर सभी उपस्थित श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे सभी ने नृत्य भी किया इस अवसर पर ब्रह्मचारी विजय भईया गुणायतन ने अपने वक्तव्य में बताया की हम सबको जिनेन्द्र भगवान की प्रतिमा के दर्शन रोज करने चाहिएं। श्रीजी के दर्शन मात्र से ही हमारे सारे संकट दूर हो जाते हैं। उन्होंने बताया की केवल मनुष्य में ही इतना क्षमता होती है की वो पत्थरो को तराश कर भगवान का रूप देता है और वही मनुष्य उसे प्रतिष्ठित कर नित्य पूजन करता है साथ ही आज तक जितने भी तीर्थंकर हुए सभी ने पहले मनुष्य योनि में जन्म लिया फिर कठिन तप साधना कर अपना मोक्ष मार्ग प्रशस्त कर भगवान बने भगवान बनने के लिए चाहे वह पाषाण के हो या तीर्थंकर सभी को मनुष्य होना जरूरी है उसके बिना भगवान बनना संभव नहीं कुबेर, इंद्र, गौतम, गंधर्व, कोई भी देव हो भगवान तब ही बनते है जब मनुष्य योनि में जन्म लेते है। -**प्रणीत जैन**

# लोकसभा निर्वाचन 2024 : निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की

**स्वीप कार्यक्रमों के जरिए मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने दिए निर्देश**




**रायपुर (विश्व परिवार)।** नगर निगम कमिश्नर एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी श्री अबिनाश मिश्रा ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के संबंध में निगम अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने शत् प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित कर प्रत्येक मतदाता को आसन्न 07 मई को मतदान हेतु प्रेरित करने निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि कम मतदान प्रतिशत वाले चिन्हित क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान संचालित करें। बैठक में अपर आयुक्त श्री आर.पी. गुप्ता, श्री विनोद पांडेय, अधीक्षण अभियंता श्री राजेश शर्मा सहित निगम अधिकारी उपस्थित थे।

नगर निगम मुख्यालय के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में श्री मिश्रा ने लोकसभा निर्वाचन के संबंध में अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मतदान केन्द्रों में सभी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने व मतदान हेतु पहुंचने वाले मतदाताओं के लिए पार्किंग स्थल भी चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा है कि वृद्ध व अशक्त मतदाताओं को मताधिकार के प्रयोग में कोई परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। बैठक में सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य को पूरी जिम्मेदारी से करने की अपील की एवं आयोजित होने वाले प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यक्रमों में पूर्ण सहयोग के लिए कहा है। बैठक में सभी विभाग प्रमुख, सर्व जोन कमिश्नर, स्वास्थ्य, स्वच्छता, शहरी आजीविका मिशन के प्रबंधक व सामुदायिक संगठक उपस्थित रहें।

# बिरंची दास ने एसईसीएल के निदेशक (कार्मिक) का पदभार ग्रहण किया





**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** एसईसीएल के नवनियुक्त निदेशक (कार्मिक) श्री बिरंची दास ने पदभार ग्रहण कर लिया है। दिनांक 21 मार्च 2024 को उनके एसईसीएल मुख्यालय आगमन पर एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा, शीर्ष प्रबंधन, सीवीओ, एसईसीएल संचालन समिति के सदस्यों, कंपनी कल्याण मण्डल के सदस्यों, विभिन्न विभागाध्यक्षों, अधिकारियों-कर्मचारियों ने हार्दिक स्वागत करते हुए बधाई व शुभकामनाएँ दीं।

श्री बिरंची दास ने पीएमआईआर विभाग, उत्कल विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर, ओडिशा से कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध के क्षेत्र में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की है एवं एसईसीएल आने से पहले श्री दास महाप्रबंधक कार्मिक/क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक के रूप में जगन्नाथ एरिया महानदी कोलफ़ील्ड्स में कार्यरत थे।

श्री दास ने वर्ष 1994 में देउलबेरा कोलियरी, तालचेर क्षेत्र, एमसीएल में कल्याण अधिकारी (टीआर) के रूप में अपना करियर शुरू किया और 29 वर्षों से अधिक समय तक विभिन्न पदों पर रहते हुए अपनी सेवाएं प्रदान कीं। उन्होंने एमसीएल में गैर-अधिकारी कर्मियों के लिए आवास आवंटन समिति के नियमों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और सर्टिफाइड स्टैंडिंग ऑर्डर, एमसीएल के प्रारूपण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

एमसीएल मुख्यालय में आईआर विभाग में अपनी पदस्थापना के दौरान, उन्होंने कॉर्पोरेट स्तर पर मजबूत औद्योगिक संबंध बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें श्रम कानून, अनुबंध श्रम प्रबंधन, आईआर मुद्दों को संभालने का लंबा अनुभव है। वह अपने परस्पर संबंध के कौशल के लिए जाने जाते हैं और टीम वर्क में दृढ़ विश्वास रखते हैं साथ ही एसएपी - एचसीएम मॉड्यूल में उत्कृष्ट तकनीकी विशेषज्ञता रखते हैं।

विदित हो कि इसी वर्ष जनवरी माह में तत्कालीन निदेशक (कार्मिक) की सेवानिवृति उपरांत एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा को एसईसीएल के निदेशक (कार्मिक) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था।

# मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण का आयोजन




**प्रशिक्षण शाम 4 बजे से 6 बजे तक**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आत्मनिर्भर और स्वरोजगार को बढ़ावा देते हुए बोरिया खुर्द में नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण की शुरुआत की गई, यह प्रशिक्षण शाम 4 बजे से 6 बजे 2 घंटा के लिए 6 माह के लिए किया गया। ट्रस्ट में इस तरह से कार्यक्रम बोरिया खुर्द के अलावा और अन्य जगह भी शुरू किया जाएगा जिससे लोग अपने खाली समय का उपयोग कर सके और अधिक से अधिक संख्या में इसका लाभ ले सके।

श्रीमती दीपिका साहू के द्वारा ट्रस्ट के माध्यम से यह नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है, काफी संख्या में आसपास के लोग इस प्रशिक्षण में शामिल है और इसका लाभ ले रहे हैं।

# कार्यकर्ताओं के समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा से ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है : भावना बोहरा




**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 400 पार का लक्ष्य हम सभी कार्यकर्ताओं के सामर्थ्य से जरुर पूरा होगा : विजय शर्मा**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। ए ओर जहाँ भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है वहीं कांग्रेस अभी भी 5 सीटों पर प्रत्याशी के लिए मंथन कर रही है। आज इसी कड़ी में पंडरिया विधानसभा में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने का संकल्प किया तो वहीं पार्टी के नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक भावना बोहरा, जिला अध्यक्ष अशोक साहू सहित वरिष्ठ नेता और पदाधिकरी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ जिस कुशासन, अराजकता और भ्रष्टाचार के दलदल में धंस रहा था उससे जनता भलीभांति परिचित थी और विधानसभा चुनाव में उन्होंने अपने मताधिकार से इसका जवाब दिया और छत्तीसगढ़ में सुशासन का सूर्योदय किया। आज महज 100 दिनों के अन्दर छत्तीसगढ़ की डबल इंजन की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में जो अभूतपूर्व कार्य किये हैं वो छत्तीसगढ़ में फिर से खुशहाली और जनता की समृद्धि के लिए नए अवसर लेकर आएगा।

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने राजनांदगांव के विकास और जन सुविधा के लिए कई विकास कार्यों की सौगात दी है। आवास योजना, उज्वला योजना, ड्रोन दीदी, लखपति दीदी, आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के साथ ही वन्दे भारत एक्सप्रेस, डोंगरगढ़ मंदिर को प्रसाद योजना के तहत शामिल करना, छत्तीसगढ़ का पहला दिव्यांगजन कौशल केंद्र के साथ ही सड़कों का जाल बिछाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। मोदी जी की गारंटी मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी है। इस बार छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों में भाजपा का कमल आप सभी कार्यकर्ताओं की वजह से खिलेगा।

# एएम/एनएस इंडिया कंपनी द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं एवं जागरूकता के क्षेत्र में एक नई पहल




**एएम/एनएस इंडिया द्वारा दंतेवाड़ा के पाधापुर में मुफ़्त मोबाइल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन**

**एएम/एनएस इंडिया के प्रोजेक्ट आरोग्य के तहत् मुफ़्त मोबाइल स्वास्थ्य शिविर द्वारा 85 ग्रामीण हुए लाभान्वित**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** AM/NS इंडिया कंपनी के प्रोजेक्ट आरोग्य के तहत् सीएसआर टीम किरंदुल द्वारा दंतेवाड़ा के पाधापुर ग्राम पंचायत में मुफ़्त मोबाइल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मरीजों की बीमारियों का निदान कर मुफ़्त दवाइयों का वितरण किया गया। दंतेवाड़ा में आयोजित इस शिविर का संचालन जिला अस्पताल के डॉक्टर, फार्मासिस्ट और परिचालक की टीम द्वारा किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के साथ ही मलेरिया और ब्लड शुगर लेवल की भी नि:शुल्क पैथोलॉजिकल जाँच की गई। एएम/एनएस इंडिया द्वारा आयोजित इस मुफ़्त जांच शिविर में कुल 85 ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया। AM/NS इंडिया कंपनी के द्वारा लगातार सामाजिक कार्य किये जा रहें हैं जिनमें विशेष रूप से स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा, स्पोर्ट्स एवं रोजगार के क्षेत्र शामिल हैं। एएम/एनएस द्वारा किये जा रहें इन सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं का मुख्य उद्देश्य स्थानीय आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत लोगों को प्रत्यक्ष रुप से लाभ पहुंचाना है जिसके परिणामस्वरूप एक स्वस्थ जागरूक एवं सुरक्षित समाज का निर्माण हो सके।

# 52वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में भारतीय रेलवे की महिला हैंडबॉल टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता

- **विजेता टीम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर की पांच महिला खिलाड़ियों ने भारतीय रेलवे महिला हैंडबॉल टीम का प्रतिनिधित्व किया**
- **3री खेलो इंडिया नेशनल रैंकिंग महिला तीरंदाजी टूर्नामेंट में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की खिलाड़ी मधु वेदवान ने दूसरा स्थान प्राप्त किया**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** 52वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश के हॉथरस में किया गया। इस प्रतियोगिता में भारतीय रेलवे की महिला हैंडबाल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय रेलवे की विजेता टीम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 05 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया टीम की जीत अहम भूमिका निभाई। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की इन महिला हैंडबाल खिलाडियों में काजल, निकी, पंकज, गौरव, टेक्नीशियन, यांत्रिक विभाग एवं मीनू, टेक्नीशियन, विद्युत विभाग शामिल हैं।

इसी प्रकार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मुख्यालय भंडार विभाग में जूनियर क्लर्क के पद पर कार्यरत मधु वेदवान ने 3री खेलो इंडिया नेशनल रैंकिंग महिला तीरंदाजी टूर्नामेंट में दूसरा स्थान प्राप्त कर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को गौरवान्वित किया है।

भारतीय रेलवे के साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा हमेशा से खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया जाता रहा है। इसी का परिणाम है कि आज इन तीनों खिलाड़ियों ने देश के साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का भी नाम रौशन किया है। इसके साथ ही साथ दक्षिण पूर्व रेलवे की अन्य खिलाड़ियों ने भी विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी छाप छोड़ी है।

भारतीय रेलवे की महिला हैंडबाल टीम एवं उसमें शामिल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन एवं उपलब्धि पर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं अधिकारियों द्वारा बधाई दी गई है तथा भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

# शहर के डे बोर्डिंग विद्यालय कांगेर वैली अकादमी में परिचर्चा सत्र का हुआ आयोजन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** शहर के डे बोर्डिंग विद्यालय कांगेर वैली अकादमी में परिचर्चा सत्र का आयोजन हुआ। जिसमे कांगेर वैली से पढ़े हुए भूतपूर्व छात्र उपस्तिथ थे जिन्होंने विद्यालय में पढ़ रहे कक्षा दसवीं और बारहवीं के बच्चों का मार्गदर्शन किया। विद्यालय में पढ़े हुए ये छात्र आज विभिन्न क्षेत्रों में सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। कैरियर यात्रा में अनेक पड़ाव आये जिन्हें सभी ने पार करते हुए सफलता हासिल किया। उनके इसी संघर्ष के अनुभवों को वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच साझा करने के लिए यह परिसंवाद सत्र का आयोजन किया गया था। डॉ. डॉली राय और डॉ. नमन कछावा ने चिकित्सा विज्ञान में भविष्य बनाने की बारीकियों से विद्यार्थियों को बताया। पढाई में होने वाली कठिनाइयाँ और तनाव प्रबंधन करने उपायों को स्पष्ट किया।

सीए संचित सल्या ने वाणिज्य लेकर पढ़ रहे विद्यार्थियों को अपनी उच्चशिक्षा का अनुभव बताया और सी ए की तैयारी के तरीकों से अवगत कराया। इंजीनियर वत्सल मिश्रा ने सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में अपना भविष्य तलाश रहे विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

शिवानी ओझा जिसने बारहवीं के बाद चित्रकारी अपनके क्षेत्र को चुना और आज एक सफल चित्रकार के रूप में अपनी जगह बनाई है। शिवानी ने आर्ट के क्षेत्र में सुनहरे भविष्य पर प्रकाश डाला और बच्चों का मार्गदर्शन किया। एडवोकेट आकांक्षा जैन ने क्लैट की ओर रुझान रखने वाले विद्यार्थियों के अनेक प्रश्नों का जवाब दिया। अपर्णा सचदेव जो कि IIT दिल्ली के साथ असेस्टीवटेक्नोलोजी पर काम कर रही है। उसने बच्चों को बताया कि लक्ष्य को पाने के लिए कड़ी मेहनत के साथ-साथ समर्पण भी आवश्यक है।

विद्यालय से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के बीच इस परिसंवाद सत्र में विभिन्न क्षेत्रों मेंअपना भविष्य तलाश रहे विद्यालय के सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। और समाज में अपनी पहचान बनाने में आने वाली कठिनाई, संघर्ष और सफलता के अनुभव लाभ लिया।

सभी भूतपूर्व छात्रों ने विद्यालय के अपने प्रबधन समिति, शिक्षक और विद्यार्थियों का धन्यवाद किया। अपने पुराने दिनों को याद करते हुए कांगेर वैली अकादमी को जीवन का अटूट अध्याय बताया जहाँ बच्चों के सुनहरे भविष्य की नींव राखी जाती है।

विद्यालय के प्राचार्य श्री अबिजित दास ने सभी भूतपूर्व छात्रों के विचारों की सराहना की। सत्र में शामिल दसवीं बारहवीं के सभी विद्यार्थी को उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए सभा में उपस्थित पालक और शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# लोकसभा निर्वाचन-2024 : राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से निगरानी दलों द्वारा 2.84 करोड़ रुपए की नगदी और वस्तुएं जब्त

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्य में लोकसभा आम निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से अब तक दो करोड़ 84 लाख रुपए की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान 21 मार्च तक 95 लाख रुपए की नगद धन राशि जब्त की गई हैं। इस दौरान 7229 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 16 लाख रुपए है।

सघन जाँच अभियान के दौरान 92 लाख रुपए कीमत के 346 किलोग्राम मादक पदार्थ तथा 52 लाख रुपए कीमत के 840 ग्राम कीमती आभूषण तथा रत्न भी जब्त किए गए हैं। इनके अतिरिक्त 29 लाख रुपए कीमत की अन्य सामग्रियां भी जब्त की गई हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों के परिपालन में राज्य में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही है। प्रदेश में लागू आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत निगरानी दलों द्वारा सघन जाँच की कार्यवाही लगातार जारी है।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354